Swachh Survekshan: NDMC gets success due to better waste management

स्वच्छ सर्वेक्षण : बेहतर कचरा प्रबंधन से एनडीएमसी को मिली सफलता

अमर उजाला ब्यूरो

देशभर में मिला दूसरा स्थान
पिछले साल मिला था सुपर स्वच्छ लीग सिटी अवॉर्ड

नई दिल्ली। रात में सफाई पर जोर और बेहतर कचरा प्रबंधन का फायदा इस साल स्वच्छ सर्वेक्षण में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को मिला। एनडीएमसी ने 50 हजार से तीन लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में दूसरा स्थान पाया है। बीते साल इसी आबादी वर्ग में सुपर स्वच्छ लीग सिटी अवॉर्ड मिला था। इस बार देश के दूसरे सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी जगह बनाई।

विज्ञान भवन में बुधवार को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एनडीएमसी को पुरस्कृत किया। केंद्र सरकार के प्रमुख कार्यालयों, विदेशी दूतावासों और महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के अलावा कनॉट प्लेस, खान मार्केट, जनपथ और सरोजिनी नगर जैसे बड़े व्यावसायिक बाजार भी एनडीएमसी के क्षेत्र में आते हैं। इंडिया गेट और कर्तव्य पथ जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर भी बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग पहुंचते हैं। और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखना परिषद के सामने बड़ी चुनौती है।

परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रात में सफाई, पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही कचरे के पृथक्करण, पुनर्चक्रण और स्थानीय स्तर पर जैविक कचरे के प्रसंस्करण की व्यवस्था मजबूत हुई है। एनडीएमसी क्षेत्र में हर रोज करीब 300 टन नगरपालिका ठोस कचरा निकलता है। इसके प्रबंधन के लिए परिषद की कुल प्रसंस्करण क्षमता 509 टन प्रतिदिन है।

Publication Name: Punjab Kesari
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 7
CCM: 1192.85

NDMC gets second place in the country in Swachh Survekshan, received honor

50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरी निकायों की श्रेणी में मिली उपलब्धि

स्वच्छ सर्वेक्षण में एनडीएमसी का देश में दूसरा स्थान, मिला सम्मान

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : राष्ट्रीय राजधानी के स्वच्छता प्रबंधन में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में 50 हजार से तीन लाख तक की आबादी वाले शहरी स्थानीय निकायों की श्रेणी में एनडीएमसी को देश में दूसरा स्थान मिला है। बुधवार को विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने परिषद को यह पुरस्कार प्रदान किया। एनडीएमसी अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सम्मान प्राप्त किया। परिषद के अधिकारियों के अनुसार, यह उपलब्धि आधुनिक सफाई व्यवस्था, मशीनीकरण, वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन और नागरिकों की भागीदारी के आधार पर हासिल हुई है। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र में इंडिया गेट, कर्तव्य पथ, कनॉट प्लेस, चाणक्यपुरी, खान मार्केट और सरोजिनी नगर जैसे प्रमुख पर्यटन एवं व्यावसायिक स्थल हैं। यहां रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही के कारण सफाई व्यवस्था बनाए रखना बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए परिषद ने 11 मैकेनिकल रोड स्वीपर, 20 गॉब्लर मशीनों और विशेष प्रेशर-जेट उपकरणों से सफाई व्यवस्था मजबूत की है। रात्रिकालीन सफाई अभियान के साथ सुबह फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों की विशेष सफाई की जाती है। 'बियॉन्ड ऑफिस सर्कल' पहल के तहत 14 विभागाध्यक्षों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा तीन विशेष स्वच्छता दस्ते और 346 सार्वजनिक शौचालयों की निगरानी के लिए अलग व्यवस्था की गई है।



एनडीएमसी अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, साथ में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व अन्य।

रोजाना 300 टन कचरे का प्रसंस्करण... परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि एनडीएमसी प्रतिदिन करीब 300 टन नगरपालिका ठोस कचरे का प्रसंस्करण कर रही है, जबकि उसकी कुल क्षमता 509 टन प्रतिदिन है। आठ माइक्रो मटेरियल रिकवरी सुविधाओं और रिड्यूस, रीयूज एवं रीसाइकिल केंद्रों के माध्यम से कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण किया जा रहा है। नौ आवासीय कॉलोनियों में 'अनुपम कॉलोनियां' पहल के तहत स्रोत पर कचरा पृथक्करण और जैविक कचरे के विकेंद्रीकृत प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जा रहा है। एनडीएमसी अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि परिषद का लक्ष्य केवल रैंकिंग हासिल करना नहीं, बल्कि नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देना है। उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने इसे स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया।

Publication Name: Punjab Kesari
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Chandigarh
Page No: 1
CCM: 141.57

Navi Mumbai at number one in Swachh Survekshan; Shri Anandpur Sahib received Punjab's cleanest city national award

स्वच्छता सर्वेक्षण में नवी मुंबई पहले नंबर पर

नई दिल्ली, 11 नवम्बर (एजैंसी): केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में नवी मुंबई को सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है और इसके बाद सूरत एवं विजयवाड़ा का स्थान रहा।

हालांकि, पिछले 8 वर्षों से सबसे स्वच्छ शहर का खिताब हासिल करने वाला इंदौर इस साल शीर्ष स्थानों में जगह नहीं बना पाया।

■ सूरत और विजयवाड़ा दूसरे-तीसरे स्थान पर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां आयोजित एक समारोह में विजेता शहरों को पुरस्कार प्रदान किए। सबसे स्वच्छ नदी तट वाले शहरों की श्रेणी में मध्य प्रदेश के रीवा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि बिलासपुर दूसरे और वाराणसी तीसरे स्थान पर रहे। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में ग्रेटर विशाखापत्तनम सबसे स्वच्छ शहर रहा। इसके बाद जबलपुर और लखनऊ का स्थान रहा। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, स्वच्छ तटीय शहर श्रेणी में पुरी ने पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद केरलम के अलप्पुझा और महाराष्ट्र के रत्नागिरि का स्थान रहा। केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में रुद्रपुर सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर रहा, जबकि जम्मू ने दूसरा स्थान हासिल किया।

श्री आनंदपुर साहिब को मिला पंजाब के सबसे स्वच्छ शहर का राष्ट्रीय सम्मान

चंडीगढ़ (हरिश्चंद्र) : चंडीगढ़ ने 3 से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छता के मामले में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। यह सम्मान शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान के रूप में देखा जा रहा है। इस श्रेणी में मध्य प्रदेश का उज्जैन पहले स्थान पर रहा।

खालसा की जन्मभूमि श्री आनंदपुर साहिब को स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंजाब का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस को यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया।

Publication Name: Punjab Kesari
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Jaipur
Page No: 1
CCM: 719.12

Swachh Survekshan: Jaipur number one in Rajasthan, could not find a place in the country's top three

स्वच्छता सर्वे : राजस्थान में जयपुर नंबर वन देश के टॉप-थ्री में नहीं मिल पाया स्थान

नवी मुंबई सुपर स्वच्छ लीग में पहले व सूरत दूसरे स्थान पर, विशाखापत्तनम, जबलपुर और लखनऊ शीर्ष स्वच्छ शहरों में शामिल

जयपुर, 11 नवंबर (पंजाब केसरी): स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के परिणाम बुधवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में घोषित किए गए। राजस्थान में जयपुर को सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला है। जयपुर को 'स्टेट फर्स्ट ऑफ स्वच्छ सिटी' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कचरा संग्रहण, सफाई व्यवस्था और वाटर मैनेजमेंट सहित विभिन्न मानकों पर किए गए काम के आधार पर मिला है। हालांकि, राष्ट्रीय स्तर पर 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में जयपुर शीर्ष तीन में जगह नहीं बना सका। राजस्थान का कोई भी शहर किसी राष्ट्रीय श्रेणी में टॉप-थ्री में शामिल नहीं हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर नगर निगम महापौर सुनील कोठारी, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग रवि जैन और जयपुर नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा को पुरस्कार सौंपा।



73 शहरों से शुरू हुआ था सफर, अब 4751 से अधिक शहर शामिल: 2016 में महज 73 शहरों से शुरू हुआ स्वच्छता सर्वेक्षण अपने दसवें संस्करण में 4751 से अधिक शहरों तक पहुंच गया है। इस बार सर्वेक्षण में शहरों की सफाई, कचरा प्रबंधन, जल प्रबंधन और नागरिक सहभागिता जैसे पहलुओं का मूल्यांकन किया गया।

मैटर-मैंटी शहरों की नई पहल

इस बार स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत मैटर और मैंटी शहरों को जोड़कर अलग पुरस्कार दिए गए। इसमें अहमदाबाद के साथ सूरत को पहलाए इंदौर के साथ देपालपुर को दूसरा और तिरुपति के साथ कुप्पम को तीसरा स्थान मिला। इसके अलावा नदी किनारे बसे शहरों के लिए रिवर टाउन और अर्बन रिवर फ्रंट और समुद्र तटीय शहरों के लिए कोस्टल एरिया श्रेणी में अलग मूल्यांकन व्यवस्था रखी गई।



इनका कहना है...

यह सम्मान प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के लिए प्रेरणास्रोत है। राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के सभी शहरों में स्वच्छता, वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन एवं नागरिक सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ करते हुए स्वच्छ एवं विकसित प्रदेश के लक्ष्य को साकार किया जाए।



– झाबर सिंह खर्रा, यूडीएच मंत्री

जयपुर में चलाए थे बड़े सफाई अभियान

जयपुर को राज्य में पहला स्थान दिलाने के लिए नगर निगम ने भी बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाए। 18 अप्रैल को सफाई सेवा मैराथन में एक ही दिन में 6000 टन कचरा उठाने का रिकॉर्ड बनाया गया था। इसमें 150 वार्डों में 9 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी और करीब 1500 वाहन लगाए थे। दीपावली से पहले परकोटे में ऑपरेशन क्लीन स्वीप-2.0 व 5 नवंबर को सभी 150 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। दोनों निगमों के एकीकरण के बाद इस बार जयपुर ने एक शहर के रूप में सर्वेक्षण में भाग लिया। सर्वेक्षण 2024-25 में जयपुर ग्रेटर 16वें और हेरिटेज 20वें स्थान पर रहा था। दोनों को थ्री-स्टार रेटिंग मिली थी। इस बार सर्वे में सुपर स्वच्छ लीग भी आकर्षण का केंद्र रही। इसमें नवी मुंबई ने पहला, सूरत ने दूसरा और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले सर्वेक्षण में इस लीग में इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे। मध्यप्रदेश में ग्वालियर को सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया।

इस उपलब्धि में आमजन का भी योगदान : कोठारी

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में जयपुर नगर निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, स्वच्छता मित्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा शहर के जागरूक नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। – सुनील कोठारी, महापौर

निरंतर प्रयासों का परिणाम

यह उपलब्धि जयपुर शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, ठोस कचरा प्रबंधन, घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरे के पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता और नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है। – ओम कसेरा, आयुक्त, नगर निगम जयपुर

Publication Name: Rajasthan Patrika
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 2
CCM: 300.83

Chhattisgarh's flag flies high in Swachh Survekshan, Bilha gets first place in the country

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों उप मुख्यमंत्री अरुण साव, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा व महापौरों ने ग्रहण किया राष्ट्रीय पुरस्कार

स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ का परचम, बिल्हा को देश में पहला स्थान

रायपुर और बिलासपुर को मिला पुरस्कार

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण करते हुए।

नई दिल्ली. स्वच्छता और बेहतर नगरीय प्रबंधन की दिशा में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों नगर पालिक निगम रायपुर, नगर पालिक निगम बिलासपुर और नगर पंचायत बिल्हा को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विशेष रूप से बिलासपुर जिले की नगर पंचायत बिल्हा ने देश में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। वहीं, 'स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन' श्रेणी में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। रायपुर नगर पालिक निगम को स्वच्छता में राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा तथा संबंधित नगरीय निकायों के महापौरों एवं आयुक्तों ने राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण किए। इस उपलब्धि से राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के स्वच्छता संबंधी प्रयासों को नई पहचान मिली है। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहे।

सीएम बोले- सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण... मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रदेशवासियों, संबंधित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साय ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ को मिले राष्ट्रीय सम्मान हमारे शहरों की बदलती तस्वीर और स्वच्छता के प्रति प्रदेशवासियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बिल्हा जैसे छोटे नगर का देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना, बिलासपुर का स्वच्छ नदी तटवर्ती श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल करना और रायपुर का राज्य में अग्रणी स्थान पर रहना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल स्वच्छता की रैंकिंग में आगे बढ़ना नहीं, बल्कि ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें स्वच्छता हर नागरिक की आदत और हर शहर की पहचान बने। जनभागीदारी, आधुनिक नगरीय सुविधाओं और प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से हम स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को सम्मानित किया जाना प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों का राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन राज्य में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और नगरीय सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करता है। स्वच्छ सर्वेक्षण के माध्यम से शहरों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, नागरिक सहभागिता तथा नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित किया जाता है।

Publication Name: Rajasthan Patrika
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 3
CCM: 966.92

Swachh Survekshan: Raipur first in the state, received national honor from the President; Cleanliness campaign, waste management with modern technology... Raipur became number-1

स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर प्रदेश में अव्वल, राष्ट्रपति के हाथों मिला राष्ट्रीय सम्मान

स्वच्छता अभियान, आधुनिक तकनीक से कचरा प्रबंधन... रायपुर बना नंबर-1

महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने ग्रहण किया पुरस्कार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रायपुर. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में रायपुर नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। राजधानी की इस उपलब्धि को राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान मिला है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों को पुरस्कार प्रदान किए। रायपुर की ओर से महापौर मीनल चौबे और नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने यह सम्मान ग्रहण किया। इस उपलब्धि से स्वच्छता और बेहतर नगरीय प्रबंधन की दिशा में शहर के प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान मिली है।

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें रायपुर नगर निगम, बिलासपुर नगर निगम और नगर पंचायत बिल्हा शामिल हैं। रायपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। वहीं, बिलासपुर जिले की नगर पंचायत बिल्हा ने 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में पहला स्थान हासिल किया। बिलासपुर को स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान मिला।

समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा भी मौजूद रहे। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि ये पुरस्कार प्रदेशवासियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। उन्होंने स्वच्छता को हर नागरिक की आदत और हर शहर की पहचान बनाने पर जोर दिया।

नवाचारों ने दिलाई पहचान

शहर में वर्षभर चलाए गए स्वच्छता अभियानों, वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, आधुनिक तकनीक और नागरिकों की भागीदारी ने रायपुर को यह उपलब्धि दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शहर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का सकरी स्थित इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी में वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जा रहा है। गीले कचरे से जैविक खाद तैयार कर फर्टिलाइजर कंपनियों को बेची जाती है, जबकि सूखे कचरे को छांटकर रिसाइक्लिंग के लिए भेजा जाता है। निगम के अनुसार शहर में कचरे के लिए कोई खुला डंपिंग स्थल नहीं है। सीवरेज प्रबंधन के लिए शहर में कुल 206 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालित हैं। सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को भी निगम ने प्राथमिकता दी है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था की निगरानी के लिए आईसीटी आधारित डिजिटल सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने और गंदगी फैलाने वालों की पहचान के लिए प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

यह सम्मान हमारे स्वच्छता मित्रों, नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों और जागरूक नगरवासियों की सामूहिक मेहनत एवं समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि के लिए सभी को हृदय से बधाई एवं धन्यवाद। यह रैंकिंग हमारे लिए गर्व के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। हमारा मानना है कि रैंकिंग हमारे स्वच्छता कर्मियों के प्रयासों का सम्मान है, लेकिन हमारी असली परीक्षा जनता की संतुष्टि है।

मीनल चौबे, महापौर, रायपुर

Publication Name: Haribhoomi
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 1
CCM: 64.68

NDMC Swachh Survekshan: Second in the country in 2026; dominance maintained even after top ranking for three consecutive years

एनडीएमसी स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में देश में दूसरे नंबर पर

लगातार तीन साल टॉप रैंकिंग के बाद भी दबदबा बरकरार

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की नई रैंकिंग में नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। 50 हजार से 3 लाख की आबादी वाली श्रेणी में एनडीएमसी ने देश में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी स्वच्छता की प्रतिष्ठा को बरकरार रखा है। पिछले तीन वर्षों से लगातार टॉप रैंकिंग हासिल करने के कारण निकायों को 'सुपरलीग रैंकिंग' से सम्मानित किया गया था। इस बार भी ▸▸ शेष पेज 5 पर



Related News:

Publication Name: Haribhoomi
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 5
CCM: 602.26

For three consecutive years...

लगातार तीन साल ...

एनडीएमसी ने कचरा प्रबंधन, साफ-सफाई और नागरिकों की सहभागिता के मामले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि से परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी की लहर है। अधिकारियों का कहना है कि राजधानी के इस हिस्से को पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में और बेहतर परिणाम सामने आ सकें।

Publication Name: Haribhoomi
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 1
CCM: 53.23

Karnal again at number-1 in Swachh Survekshan in Haryana; Presidential award for the second consecutive time

स्वच्छता सर्वेक्षण में हरियाणा में करनाल फिर नंबर-1 पर

लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति पुरस्कार

देश के सबसे बड़े शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के 10वें संस्करण में करनाल ने एक बार फिर हरियाणा में पहला स्थान हासिल किया है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय की ओर से बुधवार को घोषित परिणामों में करनाल को प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया। इसके साथ ही करनाल लगातार दूसरी



▶▶ शेष पेज 5 पर

Related News:

Publication Name: Haribhoomi

Publication Date: 12/11/2026

Edition: Delhi

Page No: 5

CCM: 1957.73

For the second time in a row...

और शहरवासियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

लगातार दूसरी बार...

बार राष्ट्रपति पुरस्कार हासिल करने वाला हरियाणा का पहला शहर बन गया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा के प्रतिनिधियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग अगले दो दिन में जारी होने की उम्मीद है। बुधवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता और नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा को राष्ट्रपति पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मंच पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल, मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू और सचिव भी मौजूद रहे। सर्वेक्षण के 10वें संस्करण में करनाल को हरियाणा में पहला स्थान मिलने पर शहर में खुशी का माहौल है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने इस उपलब्धि पर शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि करनाल के साथ पूरे हरियाणा प्रदेश के लिए यह गौरव की बात है। स्वच्छता के क्षेत्र में शहर को एक बार फिर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय नगर निगम की पूरी टीम और विशेष रूप से सफाई मित्रों को दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और जागरूक नागरिकों ने मिलकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

सीएम नायब सैनी का जताया आभार: महापौर ने केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन एवं शहरी मामले मंत्री तथा करनाल के सांसद मनोहर लाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच, पारदर्शी कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पित नेतृत्व से करनाल ने विकास और स्वच्छता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी धन्यवाद किया। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में करनाल लगातार प्रगति कर रहा है। इस उपलब्धि में सफाई मित्रों, अधिकारियों, कर्मचारियों

Publication Name: Haribhoomi
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 5
CCM: 226.47

Lucknow Municipal Corporation achieved third place in the country in Swachh Survekshan 2025-26

लखनऊ नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में देशभर में हासिल किया तीसरा स्थान

स्वच्छता के क्षेत्र में लखनऊ ने एक बार फिर अपनी मजबूत पहचान बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

स्वच्छता के क्षेत्र में लखनऊ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में लखनऊ नगर निगम ने देशभर में तीसरा स्थान हासिल कर राजधानी का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लखनऊ नगर निगम को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया।

समारोह में नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरुप्रसाद और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सम्मान ग्रहण किया। राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करना लखनऊ नगर निगम के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

इस सम्मान के पीछे नगर निगम की ओर से शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों, नियमित सफाई व्यवस्था, कूड़ा संग्रहण, कचरा प्रबंधन और नागरिकों की भागीदारी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने ग्रहण किया पुरस्कार

Publication Name: Haribhoomi
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 9
CCM: 342.57

Chhattisgarh awarded by President Droupadi Murmu, state's flag hoisted in Swachh Survekshan, Bilha won across the country



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों पुरस्कृत हुआ छत्तीसगढ़, स्वच्छ सर्वेक्षण में लहराया सूबे का परचम, बिल्हा ने देश भर में मारी बाजी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

स्वच्छता और बेहतर नगरीय प्रबंधन की दिशा में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों नगर पालिक निगम रायपुर, नगर पालिक निगम बिलासपुर और नगर पंचायत बिल्हा को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विशेष रूप से बिलासपुर जिले की नगर पंचायत बिल्हा ने देश में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। वहीं, 'स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन' श्रेणी में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। रायपुर नगर पालिक निगम को स्वच्छता में राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा तथा संबंधित नगरीय निकाय के महापौरों एवं आयुक्तों ने राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण किया। इस उपलब्धि से राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के स्वच्छता संबंधी प्रयासों को नई पहचान मिली है। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रदेशवासियों, संबंधित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साय ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ को मिले राष्ट्रीय सम्मान हमारे शहरों की बदलती तस्वीर और स्वच्छता के प्रति प्रदेशवासियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। बिल्हा जैसे छोटे नगर का देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना, बिलासपुर का स्वच्छ नदी तटवर्तीय श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल करना और रायपुर का राज्य में अग्रणी स्थान पर रहना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल स्वच्छता की रैंकिंग में आगे बढ़ना नहीं, बल्कि ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें स्वच्छता हर नागरिक की आदत और हर शहर की पहचान बने। जनभागीदारी, आधुनिक नगरीय सुविधाओं और प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से हम स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। उप मुख्यमंत्री,नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को सम्मानित किया जाना प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह सम्मान नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वच्छता कर्मियों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। समारोह में नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, नगर पालिक निगम बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी तथा नगर पंचायत बिल्हा की अध्यक्ष वंदना जेंड्रे, राज्य शहरी विकास अभिकरण के मिशन डायरेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, आयुक्त नगर निगम रायपुर संबित मिश्रा, बिलासपुर आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

Publication Name: Haribhoomi
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 1
CCM: 1178.01

Navi Mumbai cleanest city in Swachh Survekshan, Surat second and Vijayawada in third place; Chhattisgarh shines, Billa first in the country, Raipur and Bilaspur also awarded

स्वच्छता सर्वेक्षण में नवी मुंबई सबसे स्वच्छ शहर, सूरत दूसरे और तीसरे स्थान पर विजयवाड़ा

छत्तीसगढ़ चमका, बिल्हा देश में अव्वल रायपुर और बिलासपुर को भी पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों स्वच्छ शहरों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/ रायपुर

केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में नवी मुंबई को सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। इसके बाद सूरत एवं विजयवाड़ा का स्थान रहा। बिलासपुर जिले की नगर पंचायत बिल्हा ने देश में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। वहीं, 'स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन' श्रेणी में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

रायपुर नगर पालिक निगम को स्वच्छता में राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार वितरण समारोह में ⏭ शेष पेज 5 पर

खास खबर

स्वच्छता और बेहतर नगरीय प्रबंधन की दिशा में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों नगर पालिक निगम रायपुर, नगर पालिक निगम बिलासपुर और नगर पंचायत बिल्हा को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 10वें स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 पुरस्कार प्रदान किए।





छग को सम्मान

- बिल्हा- 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में प्रथम
- बिलासपुर- 'स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन' श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय
- रायपुर- नगर पालिक निगम को स्वच्छता में राज्य में प्रथम पुरस्कार

उप मुख्यमंत्री साव ने लिया पुरस्कार

छत्तीसगढ़ की ओर से उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और विभागीय सचिव सोनमणि बोरा ने समारोह में पुरस्कार ग्रहण किया। इस उपलब्धि में नगरीय निकायों के अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों और शहर के लोगों की भागीदारी को अहम माना गया है।

4751 से अधिक शहरों का 43 संकेतकों पर मूल्यांकन

देशभर के 4751 से अधिक शहरों का 10 प्रमुख क्षेत्रों के 43 संकेतकों पर मूल्यांकन किया गया। इनमें कचरे का पृथक्करण, घर-घर कचरा संग्रहण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, स्वच्छता सुविधाएं, सीवेज प्रबंधन, नागरिकों की भागीदारी और सफाई कर्मचारियों का कल्याण शामिल था।

- **स्वच्छ तटीय शहर**
  पुरी, ओडिशा
  अलाप्पुझा, केरल
  रत्नागिरी, महाराष्ट्र
- **स्वच्छ पर्वतीय शहर**
  जम्मू, जम्मू-कश्मीर
  रुद्रपुर, उत्तराखंड
  शोपियां, जम्मू-कश्मीर
- **स्वच्छ रिवरफ्रंट वाले शहर**
  रीवा, मध्यप्रदेश
  बिलासपुर, छत्तीसगढ़
  वाराणसी, उत्तरप्रदेश

सीएम साय बोले- छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों, संबंधित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों,



अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को बधाई दीं। श्री साय ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ को मिले राष्ट्रीय सम्मान हमारे शहरों की बदलती तस्वीर और स्वच्छता के प्रति प्रदेशवासियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बिल्हा जैसे छोटे नगर का देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना, बिलासपुर का स्वच्छ नदी तटवर्तीय श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल करना और रायपुर का राज्य में अग्रणी स्थान पर रहना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। हमारा लक्ष्य केवल स्वच्छता की रैंकिंग में आगे बढ़ना नहीं, बल्कि ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित करना है जिसमें स्वच्छता हर नागरिक की आदत और हर शहर की पहचान बने।

Publication Name: Loksatya
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 5
CCM: 385.08

NDMC secured second place in 'Clean City' category; NDMC won in Swachh Survekshan

एनडीएमसी ने 'स्वच्छ शहर' श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया

स्वच्छता सर्वेक्षण में एनडीएमसी ने मारी बाजी

नई दिल्ली, लोकसत्य। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने शहरी स्वच्छता एवं साफ-सफाई के क्षेत्र में अपने निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है। एनडीएमसी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में दूसरा स्थान हासिल कर राजधानी का नाम रोशन किया है। विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 पुरस्कार समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एनडीएमसी को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार एनडीएमसी के अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी तथा उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने प्राप्त किया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में एनडीएमसी ने 50 हजार से 3 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरी स्थानीय निकायों की श्रेणी में 'स्वच्छ शहर' के रूप में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि स्वच्छता, वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन, नवाचार, आधुनिक स्वच्छता पद्धतियों और सक्रिय नागरिक भागीदारी के प्रति परिषद की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस सम्मान से देश के अग्रणी शहरी स्थानीय निकायों में एनडीएमसी की स्थिति और मजबूत हुई है तथा नई दिल्ली को शहरी स्वच्छता के आदर्श मॉडल के रूप में विकसित करने का उसका संकल्प और सुदृढ़ हुआ है।



इस अवसर पर एनडीएमसी अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में एनडीएमसी ने 50 हजार से 3 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरी स्थानीय निकायों की श्रेणी में 'स्वच्छ शहर' के रूप में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि स्वच्छता, वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन, नवाचार, आधुनिक स्वच्छता पद्धतियों और सक्रिय नागरिक भागीदारी के प्रति परिषद की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी का उद्देश्य केवल स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान प्राप्त करना नहीं, बल्कि नागरिकों और यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ, स्वस्थ एवं बेहतर शहरी वातावरण उपलब्ध कराना है। इस सम्मान से देश के अग्रणी शहरी स्थानीय निकायों में एनडीएमसी की स्थिति और मजबूत हुई है। सनद रहे कि परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण के विभिन्न संस्करणों में लगातार उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किए हैं तथा वर्ष 2020 में सबसे स्वच्छ राजधानी, वर्ष 2022 में एक से तीन लाख की जनसंख्या वाली श्रेणी में भारत का सबसे स्वच्छ छोटा शहर और वर्ष 2023 में सबसे स्वच्छ केंद्र शासित प्रदेश का सम्मान हासिल किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में एनडीएमसी को लगातार कई वर्षों तक उत्कृष्ट स्वच्छता प्रदर्शन के लिए 'सुपर स्वच्छ लीग सिटी' के रूप में भी मान्यता प्रदान की गई थी।

● पीएम के नेतृत्व में स्वच्छता को बनाया गया


एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प तथा स्वच्छ, स्वस्थ, सुंदर और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एनडीएमसी के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप मिला है और एनडीएमसी इसी भावना के अनुरूप आधुनिक तकनीक, मशीनीकरण, वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन तथा जनभागीदारी के माध्यम से नई दिल्ली को स्वच्छता का आदर्श मॉडल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एनडीएमसी क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखना एक विशिष्ट और चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि यह देश की राजधानी का अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां केंद्र सरकार के प्रमुख कार्यालय, विदेशी दूतावास, राजनयिक मिशन, ऐतिहासिक एवं विरासत स्थल, व्यावसायिक केंद्र, प्रमुख बाजार और पर्यटन स्थल स्थित हैं। इंडिया गेट, कर्तव्य पथ, कनॉट प्लेस, चाणक्यपुरी, जनपथ, खान मार्केट और सरोजिनी नगर जैसे क्षेत्रों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक, कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, खरीदार, स्थानीय नागरिक एवं अन्य आगंतुक आते हैं। इन क्षेत्रों में भारी फुटफॉल और निरंतर सार्वजनिक गतिविधियों के कारण सफाई व्यवस्था को दिनभर सुचारू बनाए रखना एक बड़ी जिम्मेदारी है। इसके बावजूद एनडीएमसी ने आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रबंधन और समर्पित स्वच्छता कर्मियों के सहयोग से स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखा है।

एनडीएमसी के क्षेत्राधिकार में स्वच्छता बनाए रखना एक विशिष्ट चुनौती है, क्योंकि इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठान, विदेशी दूतावास, राजनयिक मिशन, ऐतिहासिक एवं विरासत स्थल, व्यावसायिक केंद्र और प्रमुख पर्यटन स्थल स्थित हैं। इंडिया गेट, कर्तव्य पथ, चाणक्यपुरी, कनॉट प्लेस, जनपथ और सरोजिनी नगर जैसे क्षेत्रों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, पर्यटक, खरीदार और आगंतुक आते हैं।

● स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति ने राजधानी की नगर निकाय एनडीएमसी को किया सम्मानित

Publication Name: Loksatya
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Meerut
Page No: 1
CCM: 28.82

Winners of major categories of Swachh Survekshan 2025-26



Publication Name: Loksatya
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Meerut
Page No: 14
CCM: 146.38

Noida's influence in Swachh Survekshan 2025-26: Secured sixth position in the country

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में नोएडा का जलवा: देश में मिला छठा स्थान

नोएडा, लोकसत्य।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 (10वां संस्करण) के नतीजे जारी हो गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पुरस्कार समारोह में शहरों को सम्मानित किया। नोएडा ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए देश में छठा स्थान हासिल किया है और उत्तर प्रदेश में अपना पहला स्थान लगातार बरकरार रखा है।

नोएडा प्राधिकरण के अनुसार, शहर ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सुपर स्वच्छ लीग में अपनी जगह बरकरार रखी है। साथ



ही नोएडा को 5-स्टार गार्बेज फ्री सिटी रेटिंग और वाटर प्लस प्रमाणन भी मिला है। इन उपलब्धियों के साथ नोएडा देश के 23 विशिष्ट सुपर स्वच्छ लीग (गोल्डन सिटी) शहरों में शामिल है। पिछले वर्षों से तुलना

नोएडा की स्वच्छता यात्रा लगातार सुधार की रही है। वर्ष 2018 में शहर 324वें स्थान पर था। इसके बाद 2021 में शीर्ष पांच में शामिल हुआ, 2022 में पांचवीं रैंक मिली और 2023 में 14वीं से सुधार कर दूसरा स्थान हासिल किया था। 2024-25 में सुपर स्वच्छ लीग में 3-10 लाख आबादी श्रेणी में देश का सबसे स्वच्छ शहर बनकर गोल्डन सिटी अवार्ड मिला था। इस बार की रैंकिंग उस निरंतरता को और मजबूत करती है। यह उपलब्धि नागरिकों की भागीदारी, कचरा प्रबंधन, सफाई व्यवस्था और अधिकारियों के प्रयासों का नतीजा है। प्राधिकरण ने आने वाले वर्षों में तकनीक और कार्यप्रणाली सुधारकर सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने का संकल्प जताया है।

Publication Name: Aadivasi Express
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 1
CCM: 106.97

Chhattisgarh received 3 national awards in Swachh Survekshan 2025-26, Bilha is the cleanest city in the country

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में छत्तीसगढ़ को मिले 3 राष्ट्रीय पुरस्कार, बिल्हा देश का सबसे स्वच्छ शहर

विशेष संवाददाता द्वारा



रायपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में छत्तीसगढ़ को तीन राष्ट्रीय पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया है। 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में बिल्हा को देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। बीते साल भी बिल्हा देश का प्रथम स्वच्छ शहर था। इसके अलावा बिलासपुर देश का सबसे स्वच्छ दूसरा रीवर फ्रंट टाउन बना है।

बुधवार को नई दिल्ली में विज्ञान भवन में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव ने यह पुरस्कार ग्रहण किए हैं। इस दौरान प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और संबंधित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी साथ में मौजूद रहे।

रायपुर सबसे स्वच्छ शहर छत्तीसगढ़ के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार रायपुर को मिला है। सम्मान समारोह में केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री श्री तोखन साहू भी शामिल हुए।

Publication Name: Aaj
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Lucknow
Page No: 1
CCM: 1020.3

Swachh Survekshan: Navi Mumbai is the cleanest city in the country

स्वच्छ सर्वेक्षण : नवी मुंबई देश का सबसे साफ शहर



नयी दिल्ली (आससे.)। देश के सबसे साफ शहरों की तस्वीर सामने आ गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। गुजरात का सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, मध्य प्रदेश के रीवा ने सबसे स्वच्छ नदी तटीय शहरों की श्रेणी में बाजी मारी, जबकि उत्तराखंड के रुद्रपुर को सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर चुना गया। इस बार सर्वेक्षण में नदी किनारे बसे शहरों, समुद्री तटों और पहाड़ी क्षेत्रों की सफाई को भी अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया। वहीं, अब तक स्वच्छ शहरों की सूची में पहला स्थान हासिल करते रहे इंदौर को इस बार मेंटर शहरों की सूची में रखा गया। इसमें अहमदाबद शीर्ष पायदान पर रहा। दूसरे स्थान पर इंदौर रहा। मेंटर शहर का मतलब है, ऐसा शहर जो दूसरे शहर को सफाई करना सिखाए और उसकी मदद करे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। ये पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत शहरों में सफाई और स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिए गए। यह सर्वेक्षण का दसवां संस्करण है। इस साल इसकी थीम स्वच्छता की नई पहल-बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ रखी गई। इसका उद्देश्य शहरों में सफाई व्यवस्था सुधारने के साथ आम लोगों को भी इस अभियान से जोड़ना है। राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में नवी मुंबई पहले, सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहे। इस श्रेणी में शहरों की सफाई, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को परखा गया। इसका उद्देश्य नगर निकायों के बीच बेहतर काम करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है। स्वच्छ शहर लीग के तहत भी शहरों के प्रदर्शन का आकलन सफाई और कचरे के सही प्रबंधन जैसे मानकों पर किया जाता है। इस तरह की रैंकिंग से स्थानीय निकायों को अपनी व्यवस्था सुधारने और शहरों को साफ रखने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण में स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत मेंटर और मेंटी शहरों को जोड़ा गया। इसका उद्देश्य बेहतर स्वच्छता व्यवस्था वाले शहरों के अनुभव दूसरे शहरों तक पहुंचाना है। इसके तहत अहमदाबाद के साथ साणंद, इंदौर के साथ देपालपुर और तिरुपति के साथ कुप्पम को जोड़ा गया है। इन जोड़ों में अहमदाबाद, इंदौर और तिरुपति मेंटर शहर की भूमिका निभाएंगे। वहीं, साणंद, देपालपुर और कुप्पम को मेंटी शहर बनाया गया है। मेंटर शहर अपने अनुभव और स्वच्छता से जुड़े बेहतर तरीकों के जरिए दूसरे शहरों की व्यवस्था सुधारने में मदद करेंगे।

Publication Name: Aaj
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Lucknow
Page No: 11
CCM: 234.99

Swachh Survekshan: Navi Mumbai is the cleanest city in the country

स्वच्छ सर्वेक्षण : नवी मुंबई देश का सबसे साफ शहर

नयी दिल्ली (आससे.)। देश के सबसे साफ शहरों की तस्वीर सामने आ गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। गुजरात का सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, मध्य प्रदेश के रीवा ने सबसे स्वच्छ नदी तटीय शहरों की श्रेणी में बाजी मारी, जबकि उत्तराखंड के रुद्रपुर को सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर चुना गया। इस बार सर्वेक्षण में नदी किनारे बसे शहरों, समुद्री तटों और पहाड़ी क्षेत्रों की सफाई को भी अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया। वहीं, अब तक स्वच्छ शहरों की सूची में पहला स्थान हासिल करते रहे इंदौर को इस बार मेंटर शहरों की सूची में रखा गया। इसमें अहमदाबद शीर्ष पायदान पर रहा। दूसरे स्थान पर इंदौर रहा। मेंटर शहर का मतलब है, ऐसा शहर जो दूसरे शहर को सफाई करना सिखाए और उसकी मदद करे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। ये पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत शहरों में सफाई और स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिए गए। यह सर्वेक्षण का दसवां संस्करण है। इस साल इसकी थीम स्वच्छता की नई पहल-बढ़ाएं



हाथ, करें सफाई साथ रखी गई। इसका उद्देश्य शहरों में सफाई व्यवस्था सुधारने के साथ आम लोगों को भी इस अभियान से जोड़ना है। राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में नवी मुंबई पहले, सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहे। इस श्रेणी में शहरों की सफाई, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को परखा गया। इसका उद्देश्य नगर निकायों के बीच बेहतर काम करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है। स्वच्छ शहर लीग के तहत भी शहरों के प्रदर्शन का आकलन सफाई और कचरे के सही प्रबंधन जैसे मानकों पर किया जाता है। इस तरह की रैंकिंग से स्थानीय निकायों को अपनी व्यवस्था सुधारने और शहरों को साफ रखने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण में स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत मेंटर और मेंटी शहरों को जोड़ा गया। इसका उद्देश्य बेहतर स्वच्छता व्यवस्था वाले शहरों के अनुभव दूसरे शहरों तक पहुंचाना है। इसके तहत अहमदाबाद के साथ साणंद, इंदौर के साथ देपालपुर और तिरुपति के साथ कुप्पम को जोड़ा गया है। इन जोड़ों में अहमदाबाद, इंदौर और तिरुपति मेंटर शहर की भूमिका निभाएंगे। वहीं, साणंद, देपालपुर और कुप्पम को मेंटी शहर बनाया गया है। मेंटर शहर अपने अनुभव और स्वच्छता से जुड़े बेहतर तरीकों के जरिए दूसरे शहरों की व्यवस्था सुधारने में मदद करेंगे।

Publication Name: Aaj Ki Jandhara
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 1
CCM: 374.9

Chhattisgarh's influence on the stage of cleanliness; Bilha is the cleanest city in the country; Navi Mumbai number one in Swachh Survekshan-2025, Super Swachh League

स्वच्छता के मंच पर छत्तीसगढ़ का जलवा

बिल्हा देश का सबसे स्वच्छ शहर

स्वच्छता सर्वेक्षण-2025, सुपर स्वच्छ लीग में नवी मुंबई नंबर वन

रायपुर। स्वच्छता और बेहतर नगरीय प्रबंधन की दिशा में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों नगर पालिक निगम रायपुर, नगर पालिक निगम बिलासपुर और नगर पंचायत बिल्हा को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विशेष रूप से बिलासपुर जिले की नगर पंचायत बिल्हा ने देश में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। वहीं, 'स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन' श्रेणी में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। रायपुर नगर पालिक निगम को स्वच्छता में राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा तथा संबंधित नगरीय निकाय के महापौरों एवं आयुक्तों ने राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण किया। इस उपलब्धि से राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के स्वच्छता संबंधी प्रयासों को नई पहचान मिली है।

कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रदेशवासियों, संबंधित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री साय ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ को मिले राष्ट्रीय सम्मान हमारे शहरों की बदलती तस्वीर और स्वच्छता के प्रति प्रदेशवासियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। बिल्हा जैसे छोटे नगर का देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना, बिलासपुर का स्वच्छ नदी तटवर्तीय श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल करना और रायपुर का राज्य में अग्रणी स्थान पर रहना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल स्वच्छता की रैंकिंग में आगे बढ़ना नहीं, बल्कि ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें स्वच्छता हर नागरिक की आदत और हर शहर की पहचान बने। जनभागीदारी, आधुनिक नगरीय सुविधाओं और प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से हम स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को सम्मानित किया जाना प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वच्छता कर्मियों और नागरिकों के सामूहिक ⏮शेष पृष्ठ 10 पर



सूरत दूसरे नंबर पर, राजस्थान में जयपुर, एमपी में ग्वालियर सबसे साफ

राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू ने बुधवार को स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के पुरस्कार दिए। इस बार सुपर स्वच्छ लीग में नवी मुंबई पहले, सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा है। पिछले सर्वेक्षण में सुपर स्वच्छ लीग में इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे। इसके अलावा राजस्थान में जयपुर और मध्य प्रदेश में ग्वालियर को सबसे स्वच्छ शहर बताया गया है। अहमदाबाद को मेंटर सिटी कैटेगरी में पहला, इंदौर को दूसरा और तिरुपति को तीसरा स्थान मिला। स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत इनके साथ क्रमशः साणंद, देपालपुर और कुप्पम को मेंटी सिटी बनाया गया था।

Related News:

Publication Name:	Publication Date:	Edition:
Aaj Ki Jandhara	12/11/2026	Raipur
Page No:	**CCM:**	
10	77.8	

Bilha is the country's best...

प्रथम पेज का शेष

बिल्हा देश का सबस...

प्रयासों का परिणाम है। नगर पंचायत बिल्हा का 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना विशेष उपलब्धि है। यह सम्मान दर्शाता है कि सीमित संसाधनों वाले छोटे नगरीय निकाय भी बेहतर प्रबंधन, स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता और जनसहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों का राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन राज्य में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और नगरीय सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करता है। स्वच्छ सर्वेक्षण के माध्यम से शहरों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, नागरिक सहभागिता तथा नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित किया जाता है।

समारोह में छत्तीसगढ़ से नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, नगर पालिक निगम बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी तथा नगर पंचायत बिल्हा की अध्यक्ष श्रीमती वंदना जेंड्रे, राज्य शहरी विकास अभिकरण के मिशन डायरेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, आयुक्त नगर

Publication Name: Aalmi Darpan
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Patna
Page No: 8
CCM: 1156.69

Patna Municipal Corporation achieves important success in Swachh Survekshan 2026-25; Clean City Award received from the hands of Honorable President Droupadi Murmu

پٹنہ میونسپل کارپوریشن نے سوچھ سرویکشن 26-2025 میں اہم کامیابی حاصل کی

صدر جمہوریہ محترمہ دروپدی مرمو کے ہاتھوں 'کلین شہر' کا ایوارڈ



نئی دہلی 11 نومبر (پریس ریلیز) پٹنہ میونسپل کارپوریشن نے صفائی کے میدان میں ایک اور اہم سنگ میل حاصل کیا ہے۔ پٹنہ میونسپل کارپوریشن کو بدھ کو نئی دہلی میں منعقدہ 10ویں سوچھ سرویکشن 26-2025 ایوارڈ تقریب میں ریاست کا پہلا صاف شہر ایوارڈ سے نوازا گیا۔ شہری ترقیات اور رہائش کے وزیر جناب نیتیش مشرا، میئر محترمہ سیتا ساہو، ڈپٹی میئر محترمہ رشمی کماری، شہری ترقیات اور رہائش محکمہ کے سکریٹری جناب سندیپ پولکھی، اور میونسپل کمشنر جناب یشپال مینا نے معزز صدر محترمہ دروپدی مرمو کے ہاتھوں سے یہ باوقار ایوارڈ حاصل کیا۔ اس کامیابی کو خاص بناتے ہوئے، پٹنہ میونسپل کارپوریشن کی ٹیم نے اپنے دو صفائی کارکنوں، امرجیت مانجھی (نئی راجدھانی زون) اور رائی پاسوان (عظیم آباد زون) کے ساتھ یہ ایوارڈ حاصل کیا۔ یہ اعزاز صفائی کارکنوں کی لگن اور شراکت کی بھی علامت ہے جو شہر کے صفائی کے نظام کو مضبوط بنانے کے لیے دن رات کام کرتے ہیں۔ پٹنہ میونسپل کارپوریشن کی طرف سے حاصل کی گئی یہ کامیابی گھر گھر کوڑا اٹھانے کے مضبوط نظام، پرانے کچرے کو منظم طریقے سے ٹھکانے لگانے، عوامی شکایات کا فوری حل، سالڈ ویسٹ مینجمنٹ میں مسلسل بہتری اور صفائی مہم میں پٹنہ کے باشندوں کی بڑھتی ہوئی شرکت کا نتیجہ ہے۔ اس موقع پر میئر محترمہ سیتا ساہو نے کہا کہ یہ اعزاز پورے پٹنہ شہر اور اس کے شہریوں کے لیے وقف ہے۔ پٹنہ میونسپل کارپوریشن کی پوری ٹیم وزیر اعظم جناب نریندر مودی کے صاف بھارت وژن کو عملی جامہ پہنانے کے لیے عزم کے ساتھ کام کر رہی ہے۔ وزیر اعلیٰ جناب سمراٹ چودھری کی قیادت میں بہار کے شہروں میں ترقی اور صفائی کو نئی رفتار مل رہی ہے۔ پٹنہ میونسپل کارپوریشن بھی اس سمت میں مسلسل نئے ریکارڈ بنا رہی ہے۔ اس کامیابی کے لیے تمام صفائی کارکنوں، کارپوریشن کے ملازمین اور پٹنہ کے لوگوں کو دلی مبارکباد۔ ڈپٹی میئر مسز رشمی کماری نے کہا کہ پٹنہ میونسپل کارپوریشن کو یہ اعزاز ملا ہے یہ ہمارے صفائی کارکنوں کی انتھک محنت اور پٹنہ کے لوگوں کے تعاون کا نتیجہ ہے۔ صاف ستھرے شہر کی تعمیر صرف میونسپل کارپوریشن کی کوششوں سے ممکن نہیں ہے۔ اس میں ہر شہری کی شرکت ضروری ہے۔ یہ ایوارڈ ہمیں صفائی کے لیے اپنے عزم کو مزید مضبوط کرنے کی ترغیب دے گا۔ میونسپل کمشنر مسٹر یشپال مینا نے کہا کہ آنے والے برسوں میں پٹنہ کلسٹر میں ویسٹ ٹو انرجی پلانٹ کا قیام، درانتی کچرے کو مکمل طور پر ٹھکانے لگانے، ایک مربوط سالڈ ویسٹ مینجمنٹ سسٹم کی ترقی، نئے سیوریج ٹریٹمنٹ پلانٹ کا قیام، اور ایک موبائل کورٹ جیسے اقدامات سے شہر کی صفائی ستھرائی اور کچرے کے انتظام کے نظام کو مزید تقویت ملے گی۔ یہ کوششیں آئندہ سوچھ سرویکشن میں پٹنہ کی کارکردگی کو مزید بہتر بنائیں گی۔ مسلسل تین سروے میں یہ کامیابیاں پٹنہ میونسپل کارپوریشن کی مسلسل کوششوں، صفائی کے نظام میں ہونے والی بہتری اور شہریوں کی فعال شرکت کا ثبوت ہیں۔ یہ پہچان ایک صاف، خوبصورت اور صحت مند پٹنہ کی تعمیر کے عزم کو مزید مضبوط کرے گی۔ قابل ذکر ہے کہ ہاؤسنگ اور شہری امور کی وزارت جلد ہی سوچھ سرویکشن 26-2025 کے دیگر زمروں کے نتائج جاری کرے گی۔

ترقی پسند قوم کی تعمیر کا مولانا آزاد کا نظریہ ہمیشہ یاد رکھا جائے گا: سمراٹ

پٹنہ، 11 نومبر (نمائندہ) بہار کے وزیر اعلیٰ سمراٹ چودھری نے بھارت رتن مولانا ابوالکلام آزاد کے یوم پیدائش پر انہیں عقیدت کے ساتھ خراج عقیدت پیش کیا اور انہیں عظیم مجاہد آزادی، ممتاز عالم اور آزاد ہندوستان کا پہلا وزیر تعلیم قرار دیتے ہوئے ملک کے لیے ان کی خدمات کو یاد کیا۔ وزیر اعلیٰ نے کہا کہ تعلیم کے ذریعے ایک مضبوط اور ترقی پسند قوم کی تعمیر کا مولانا آزاد کا نظریہ ہمیشہ یاد رکھا جائے گا اور ہماری رہنمائی کرتا رہے گا۔ مسٹر چودھری نے بدھ کے روز سوشل میڈیا پلیٹ فارم ایکس پر جاری اپنے پیغام میں کہا کہ مولانا آزاد کی زندگی ملک کی خدمت اور علم و تعلیم کے تئیں لگن کی ایک متاثر کن مثال ہے۔ قوم کی تعمیر میں ان کا تعاون ناقابل فراموش ہے۔ انہوں نے قومی یوم تعلیم کے موقع پر ریاست کے عوام کو دلی مبارک باد اور نیک خواہشات بھی پیش کیں۔ قابل ذکر ہے کہ مولانا ابوالکلام آزاد کی پیدائش 11 نومبر 1888 کو مکہ مکرمہ میں ہوئی تھی۔ وہ ہندوستان کی تحریک آزادی کے سرکردہ رہنماؤں میں شامل تھے۔ مہاتما گاندھی کے خیالات سے متاثر ہو کر انہوں نے جدوجہد آزادی میں سرگرم کردار ادا کیا اور ہندو مسلم اتحاد کے مضبوط حامی رہے۔ وہ 1923 میں انڈین نیشنل کانگریس کے سب سے کم عمر صدر منتخب ہوئے اور 1940 سے 1946 تک دوبارہ کانگریس کے صدر کی ذمہ داری سنبھالی۔ آزادی کے بعد وہ ملک کے پہلے وزیر تعلیم بنے۔ ان کے دور وزارت میں انڈین انسٹی ٹیوٹ آف ٹیکنالوجی (آئی آئی ٹی) اور یونیورسٹی گرانٹس کمیشن (یو جی سی) جیسے اعلیٰ تعلیمی اداروں کے قیام کی راہ ہموار ہوئی۔ تعلیم کے شعبے میں ان کی بے مثال خدمات کے اعتراف میں ہر سال 11 نومبر کو ان کے یوم پیدائش کے موقع پر قومی یوم تعلیم منایا جاتا ہے۔ 1992 میں انہیں بعد از مرگ بھارت رتن سے نوازا گیا۔

Publication Name: Action India
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Karnal
Page No: 9
CCM: 436.41

Swachh Survekshan 2025-26 results announced: Karnal becomes the state's first clean city

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के परिणाम घोषित: राज्य का पहला स्वच्छ शहर बना करनाल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। दुनिया के सबसे बड़े शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के 10वें संस्करण के परिणामों का ऐलान हो चुका है। करनाल शहर को हरियाणा राज्य का पहला स्वच्छ शहर चुना गया है। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय की ओर से परिणामों की घोषणा की गई है।

बुधवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, महापौर रेणु बाला गुप्ता व नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा को राष्ट्रपति पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंच पर राष्ट्रपति के साथ केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल, इसी मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू व सचिव

स्वच्छता सर्वेक्षण

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड देकर किया सम्मानित महापौर व नगर निगम आयुक्त ने दी बधाई

Cleanliness: Rudrapur in first place among Himalayan states

स्वच्छता: रुद्रपुर हिमालयी राज्यों में पहले स्थान पर

स्वच्छ सर्वेक्षण

देहरादून, मुख्य संवाददाता। राष्ट्रीय स्तर के स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में उत्तराखंड के दो शहरी निकायों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रदेश का मान बढ़ाया है। केंद्र सरकार के इस प्रतिष्ठित सर्वेक्षण में ऊधमसिंह नगर जिले के दो प्रमुख शहरों रुद्रपुर और काशीपुर को राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। जहां रुद्रपुर ने 'स्वच्छ हिमालयी शहरों' की श्रेणी में पहला स्थान हासिल कर बाजी मारी है, वहीं काशीपुर ने उत्तराखंड के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब कब्जाया है।

शहरी विकास विभाग के निदेशक विनोद गिरि गोस्वामी ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि देश के 4,751 से अधिक शहरों के बीच हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा में उत्तराखंड के इन दोनों नगर निकायों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। यह सफलता ऐसे समय में मिली है, जब राज्य सरकार शहरी स्वच्छता को महज झाड़ू-सफाई तक सीमित न रखकर वैज्ञानिक कचरा निस्तारण और आधुनिक निगरानी तंत्र से जोड़ रही है। राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार रुद्रपुर से मेयर विकास शर्मा, एमएनए शिप्रा जोशी और काशीपुर से मेयर दीपक बाली और एमएनए रविंद्र बिष्ट ने प्राप्त किया। इस दौरान राज्य मिशन प्रबंधक स्वच्छ भारत मनोज पांडेय भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने पर्यावरण मित्रों और जनता को दिया श्रेय: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों निकायों के चयन को पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण बताया है। उन्होंने इस राष्ट्रीय पहचान का श्रेय नगर निकायों के समर्पित प्रयासों, दिन-रात मेहनत करने वाले पर्यावरण मित्रों और जागरूक नागरिकों की सहभागिता को दिया। संबंधित P14



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को विज्ञान भवन में रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी को स्वच्छ सर्वेक्षण में क्लीन हिमालयन सिटी श्रेणी में पुरस्कार दिया।

ऐसे हुआ शहरों का चयन

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के इस दसवें संस्करण में देशभर के 4,751 से ज्यादा शहरों का आकलन किया गया।
2. शहरों की रैंकिंग तय करने के लिए 43 विभिन्न मानकों पर परख की गई। इनमें कचरे का पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन), डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, ठोस अपशिष्ट और सीवरेज प्रबंधन, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, सफाई कर्मियों का कल्याण और आम नागरिकों का फीडबैक प्रमुख रूप से शामिल थे।

काशीपुर राज्य में सबसे स्वच्छ शहर बना

काशीपुर। काशीपुर शहर ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य स्तर पर सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त किया। कचरा प्रबंधन और वैज्ञानिक निस्तारण में बेहतरीन सुधार के चलते काशीपुर नगर निगम ने यह मुकाम हासिल किया है, जिससे काशीपुर समेत प्रदेशभर में खुशी की लहर है।

Related News:

Publication Name: Hindustan

Publication Date: 12/11/2026

Edition: Haldwani

Page No: 14

CCM: 175.02

Navi Mumbai becomes the cleanest city in the country

रिपोर्ट | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के विजेता शहरों को राष्ट्रपति ने पुरस्कृत किया, यूपी, झारखंड में जमशेदपुर अव्वल

नवी मुंबई देश का सबसे स्वच्छ शहर बना

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र का नवी मुंबई देश का सबसे स्वच्छ शहर बना है, जबकि दूसरे-तीसरे नंबर पर सूरत और विजयवाड़ा रहे। वहीं कम आबादी वाले शहरों की सूची में नई दिल्ली नगरपालिकादूसरे नंबर पर रही।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में विजेता शहरों को पुरस्कृत किया। यूपी में गाजियाबाद, बिहार में पटना, झारखंड में जमशेदपुर, हरियाणा में करनाल स्वच्छता में अव्वल रहे हैं। इसके अलावा, जोड़ी शहरों की प्रतिस्पर्धा में 'मेंटर व मेंटी' शहरों में गुजरात का अहमदाबाद और सानंद पहले, मध्य प्रदेश के इंदौर व देपालपुर दूसरे, आंध्र के तिरुपति व कुप्पम तीसरे स्थान पर रहा। वहीं पिछले आठ वर्षों से सबसे स्वच्छ शहर का खिताब हासिल करने वाला इंदौर इस साल जगह नहीं बना पाया। 20 से 50 हजार आबादी श्रेणी में महाराष्ट्र के वीटा नगर ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। वहीं, 20000 से कम आबादी की श्रेणी वाले नगरों में छत्तीसगढ़ का बिल्हा पहले, महाराष्ट्र का पंचगनी द्वितीय व मध्य प्रदेश का बुधनी तृतीय रहा।

किस श्रेणी में कौन से शहर ने मारी बाजी

श्रेणी 1 : 10 लाख से अधिक आबादी
प्रथम : शाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश)
द्वितीय : जबलपुर (मध्य प्रदेश)
तृतीय : लखनऊ (उत्तर प्रदेश)

श्रेणी 2 : 3 लाख से 10 लाख आबादी
प्रथम : उज्जैन (मध्य प्रदेश)
द्वितीय : चंडीगढ़
तृतीय : गुंटूर (आंध्र प्रदेश)

श्रेणी 3 : 50000 से तीन लाख आबादी
प्रथम : देवास (मध्य प्रदेश)
द्वितीय : एनडीएमसी (दिल्ली)
तृतीय : सागर (मध्य प्रदेश)

वाराणसी देश के स्वच्छ नदी तट में तीसरे स्थान पर रहा

देश के सबसे स्वच्छ नदी तट वाले शहरों की श्रेणी में मध्यप्रदेश के रीवा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि छत्तीसगढ़ का बिलासपुर दूसरे और उत्तर प्रदेश का वाराणसी तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, स्वच्छ समुद्र तटीय शहरों की श्रेणी में ओडिशा के पुरी ने पहला स्थान हासिल किया। बाद केरलम का अलप्पुझा दूसरे स्थान पर और महाराष्ट्र का रत्नागिरि तीसरे स्थान पर रहा।

Publication Name: Hindustan
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Lucknow
Page No: 12
CCM: 271.81

Lucknow again at third place in cleanliness ranking

स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ देश में फिर तीसरे स्थान पर

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। देश में स्वच्छता के मामले में नंबर एक बनने का लखनऊ नगर निगम का सपना फिर अधूरा रह गया। स्वच्छता सर्वेक्षण में राजधानी को लगातार दूसरी बार तीसरा स्थान मिला है। इस बार नगर निगम ने पहले स्थान पर पहुंचने के लिए बड़े-बड़े दावे किए थे। शिवरी कूड़ा निस्तारण प्लांट की तस्वीर बदलने से लेकर घर-घर कूड़ा उठाने, एसटीपी चलाने और कूड़ा पड़ाव स्थलों को सुधारने तक कई काम कराए गए। इसके बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था में बनी खामियां नंबर एक की राह में बाधा बन गईं।

लखनऊ तीसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ सका। बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल को पुरस्कार प्रदान किया।

कचरे का पहाड़ हटाया P04



स्वच्छता रैंकिंग के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल तथा नगर आयुक्त गौरव कुमार को पुरस्कार प्रदान किया।

स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रतिस्पर्धा का स्वरूप बदला

इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रतिस्पर्धा का स्वरूप भी बदला था। लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इंदौर, सूरत, नवी मुंबई और विजयवाड़ा जैसे शहरों को सामान्य रैंकिंग से अलग सुपर स्वच्छ लीग में रखा गया। देशभर में इस श्रेणी में कई शहर शामिल थे। इनमें 10 लाख से अधिक आबादी वाले चार शहर भी हैं। ऐसे में लखनऊ के सामने सामान्य श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल करने का अवसर था। इस श्रेणी में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के बीच मुकाबला हुआ। इसमें लखनऊ तीसरे स्थान पर रहा।

10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के बीच मुकाबला हुआ

03 नंबर पर रहा लखनऊ, कई शहर थे शामिल

नवी मुंबई बना सबसे स्वच्छ शहर, गाजियाबाद भी अव्वल

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र का नवी मुंबई देश का सबसे स्वच्छ शहर बना है, जबकि दूसरे-तीसरे नंबर पर सूरत और विजयवाड़ा रहे। वहीं कम आबादी वाले शहरों की सूची में नई दिल्ली नगरपालिका (एनडीएमसी) दूसरे नंबर पर रही।

उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद, बिहार में पटना, झारखंड में जमशेदपुर, उत्तराखंड में काशीपुर व हरियाणा में करनाल स्वच्छता में अव्वल रहे हैं।

वाराणसी स्वच्छ नदी तट में तीसरे स्थान पर : देश के सबसे स्वच्छ नदी तट वाले शहरों की श्रेणी में मध्यप्रदेश के रीवा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि छत्तीसगढ़ का बिलासपुर दूसरे और उत्तर प्रदेश का वाराणसी तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, स्वच्छ समुद्र तटीय शहरों की श्रेणी में ओडिशा के पुरी ने पहला स्थान हासिल किया।

Publication Name: Hindustan
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Meerut
Page No: 1
CCM: 271.34

Lucknow at third place in cleanliness ranking; Navi Mumbai became the cleanest city, Ghaziabad also top

स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ देश में तीसरे स्थान पर

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। देश में स्वच्छता के मामले में नंबर एक बनने का लखनऊ नगर निगम का सपना फिर अधूरा रह गया। स्वच्छता सर्वेक्षण में राजधानी को लगातार दूसरी बार तीसरा स्थान मिला है। इस बार नगर निगम ने पहले स्थान पर पहुंचने के लिए बड़े-बड़े दावे किए थे।

बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा, लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल को पुरस्कार प्रदान किया। इस वर्ष 60 राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए। सर्वेक्षण में 350 से अधिक शहरों ने अपनी रैंकिंग में 500 से अधिक स्थानों का सुधार किया। इसमें करीब 2.70 करोड़ नागरिकों ने अपनी फीडबैक दी। बता दें, वर्ष 2016 में केवल 73 शहरों से शुरू हुआ स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में 4,751 शहरों तक पहुंच चुका है।



स्वच्छता रैंकिंग के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा, लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल तथा नगर आयुक्त गौरव कुमार को पुरस्कार प्रदान किया।

स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रतिस्पर्धा का स्वरूप बदला

इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रतिस्पर्धा का स्वरूप भी बदला था। लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इंदौर, सूरत, नवी मुंबई और विजयवाड़ा जैसे शहरों को सामान्य रैंकिंग से अलग सुपर स्वच्छ लीग में रखा गया। देशभर में इस श्रेणी में कई शहर शामिल थे। इनमें 10 लाख से अधिक आबादी वाले चार शहर भी हैं। ऐसे में लखनऊ के सामने सामान्य श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल करने का अवसर था। इस श्रेणी में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के बीच मुकाबला हुआ। इसमें लखनऊ तीसरे स्थान पर रहा।

10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के बीच मुकाबला हुआ

01 नंबर पर रीवा, तीसरे पर वाराणसी स्वच्छ नदी तट श्रेणी में रहा

नवी मुंबई बना सबसे स्वच्छ शहर, गाजियाबाद भी अव्वल

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र का नवी मुंबई देश में सबसे स्वच्छ शहर बना है, जबकि दूसरे और तीसरे नंबर पर सूरत व विजयवाड़ा रहे। वहीं कम आबादी वाले शहरों की सूची में नई दिल्ली नगरपालिका (एनडीएमसी) दूसरे नंबर पर रहा। इसके अलावा राज्यों में उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद, बिहार में पटना, झारखंड में जमशेदपुर, उत्तराखंड में काशीपुर व हरियाणा में करनाल स्वच्छता में अव्वल रहे हैं।

स्वच्छ नदी तट में वाराणसी तीसरे स्थान पर: सबसे स्वच्छ नदी तट वाले शहरों की श्रेणी में मध्यप्रदेश के रीवा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि छत्तीसगढ़ का बिलासपुर दूसरे और उत्तर प्रदेश का वाराणसी तीसरे स्थान पर रहा। स्वच्छ समुद्र तटीय शहर श्रेणी में ओडिशा के पुरी ने पहला स्थान हासिल किया।

Publication Name: Hindustan
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Prayagraj
Page No: 13
CCM: 175.01

Lucknow again at third place in cleanliness ranking

स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ फिर तीसरे स्थान पर

उपलब्धि

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। देश में स्वच्छता के मामले में नंबर एक बनने का लखनऊ नगर निगम का सपना फिर अधूरा रह गया। स्वच्छता सर्वेक्षण में राजधानी को लगातार दूसरी बार तीसरा स्थान मिला है।

इस बार नगर निगम ने पहले स्थान पर पहुंचने के लिए बड़े-बड़े दावे किए थे। शिवरी कूड़ा निस्तारण प्लांट की तस्वीर बदलने से लेकर घर-घर कूड़ा उठाने, एसटीपी चलाने और कूड़ा पड़ाव स्थलों को सुधारने तक कई काम कराए गए। इसके बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था में बनी खामियां नंबर एक की राह में बाधा बन गईं।

लखनऊ तीसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ सका। बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल को पुरस्कार प्रदान किया।



स्वच्छता रैंकिंग के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल तथा नगर आयुक्त गौरव कुमार को पुरस्कार प्रदान किया।

नवी मुंबई सबसे स्वच्छ गाजियाबाद भी अव्वल

नई दिल्ली। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र का नवी मुंबई देश का सबसे स्वच्छ शहर बना है, जबकि दूसरे-तीसरे नंबर पर सूरत और विजयवाड़ा रहे। वहीं कम आबादी वाले शहरों की सूची में नई दिल्ली नगरपालिका दूसरे नंबर पर रही। गाजियाबाद अव्वल रहा। **वाराणसी स्वच्छ नदी तट में तीसरे स्थान पर :** देश के सबसे स्वच्छ नदी तट वाले शहरों की श्रेणी में मध्यप्रदेश के रीवा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि छत्तीसगढ़ का बिलासपुर दूसरे और उत्तर प्रदेश का वाराणसी तीसरे स्थान पर रहा।

Publication Name: Navbharat Times
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 1
CCM: 23.21

Navi Mumbai number-1 in cleanliness ranking

स्वच्छता रैंकिंग में नवी मुंबई नंबर-1

केंद्र के वार्षिक स्वच्छता सर्वे में नवी मुंबई को सबसे साफ शहर चुना गया है। इसके बाद सूरत और विजयवाड़ा है। पिछले सर्वे में इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे। MP के रीवा को सबसे स्वच्छ नदी तटीय शहर घोषित किया गया। ▶▶ पेज 8 पर

Related News:

Publication Name: Navbharat Times

Publication Date: 12/11/2026

Edition: Delhi

Page No: 8

CCM: 100.29

Navi Mumbai is the country's cleanest city, Surat remained at second number

नवी मुंबई देश का सबसे स्वच्छ शहर, सूरत दूसरे नंबर पर रहा

■ पीटीआई, नई दिल्ली

PTI



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सौंपे पुरस्कार।

केंद्र सरकार के सालाना स्वच्छता सर्वेक्षण में नवी मुंबई देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को यहां आयोजित कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार दिए।

3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में उज्जैन ने पहला स्थान हासिल किया। चंडीगढ़ दूसरे और गुंटूर तीसरे नंबर पर रहा। पिछले 8 साल से सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीत रहे इंदौर को इस बार शीर्ष शहरों में जगह नहीं मिली। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में ग्रेटर विशाखापत्तनम पहले स्थान पर रहा। जबलपुर दूसरे और लखनऊ तीसरे नंबर पर रहा। नदी किनारे बसे सबसे स्वच्छ शहरों की श्रेणी में मध्य प्रदेश के रीवा को पहला स्थान मिला। बिलासपुर दूसरे और वाराणसी तीसरे नंबर पर रहा। स्वच्छ तटीय शहरों की श्रेणी में ओडिशा के पुरी ने पहला स्थान हासिल किया। केरल का अलप्पुझा दूसरे और महाराष्ट्र का रत्नागिरी तीसरे स्थान पर रहा। हिमालयी शहरों में उत्तराखंड के रुद्रपुर को सबसे स्वच्छ शहर चुना गया, जबकि जम्मू दूसरे स्थान पर रहा।

8 साल से टॉप पर रहे इंदौर को इस बार जगह नहीं

Publication Name: Navbharat Times
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Lucknow Kanpur
Page No: 3
CCM: 864.6

City is once again the 'Nawab' of cleanliness

नवभारत टाइम्स। कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। गुरुवार, 12 नवंबर 2026

लखनऊ

स्वच्छता रैंकिंग में लगातार दूसरी बार शहर तीसरे पायदान पर काबिज, और मज़बूत हुई नंबर-1 की उम्मीद

शहर फिर सफाई का 'नवाब'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

स्वच्छता के मोर्चे पर नवाबों के शहर लखनऊ ने एक बार फिर देशभर में अपना डंका बजाया है। स्वच्छता रैंकिंग 2025-26 में शहर ने न केवल देश के शीर्ष शहरों में अपनी जगह पक्की रखी, बल्कि लगातार दूसरी बार तीसरे स्थान पर भी काबिज रहा। इस बड़ी कामयाबी के पीछे नगर निगम की उस मुहिम का सबसे बड़ा हाथ है, जिसके तहत शहर में वर्षों से जमा 20 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट (पुराने कूड़े) को खत्म कर 46 एकड़ बेशकीमती जमीन को पूरी तरह से कब्जा और कचरा मुक्त (रिक्लेम) कर लिया गया है।

मेयर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि जब शहरवासियों ने मुझे जिम्मा सौंपा था, उस वक्त शिवरी प्लांट का पहाड़ खत्म करना सबसे बड़ी चुनौती थी। ढाई साल पहले तक करीब 24 लाख मीट्रिक टन कूड़े का पहाड़ खड़ा था। इसे काफी परिश्रम के बाद नगर निगम ने खत्म कर दिया है। अब महज दो से तीन लाख मीट्रिक टन कूड़ा बचा है। इसे भी तीन से चार महीने के भीतर खत्म कर लिया जाएगा।

10 साल में 269वें पायदान से नंबर 3 तक का सफर

■ **आम थे कूड़े के ढेर :** करीब 10 साल पहले स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ 269वें पायदान पर हुआ करता था। उस दौर में शहर की गलियों से लेकर मुख्य सड़कों तक कूड़े के ढेर आम बात थे।

■ **ये तरीके अपनाए :** बीते एक दशक में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, डोर-टु-डोर कूड़ा कलेक्शन और आधुनिक प्रॉसेसिंग प्लांट्स के जरिए शहर ने लंबी छलांग लगाई और आज देश के टॉप-3 स्वच्छ शहरों की कतार में मजबूती से खड़ा है।

■ **बायो माइनिंग का इस्तेमाल :** शिवरी प्लांट पर दशकों से जमा कचरे के पहाड़ शहर के माथे पर किसी दाग की तरह थे। नगर निगम ने बायो-माइनिंग तकनीक का इस्तेमाल करते हुए इस 20 लाख टन पुराने कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया।

■ **अब हरियाली की तैयारी :** कचरा निस्तारण के बाद 46 एकड़ जमीन पूरी तरह खाली हो गई है। अब इस रिक्लेम की गई जमीन पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण कर हरियाली विकसित करने और शहर के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए इस्तेमाल करने की योजना है।

■ **स्वच्छ वायु में भी पहला स्थान :** इसी साल स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में भी लखनऊ ने 198 अंकों के साथ 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान हासिल किया है। जोन-4 स्थित वॉर्ड 70 (पेपर मिल कॉलोनी) ने 30 हजार से अधिक आबादी वाले वॉर्डों में राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान पाया है।



ऐसे सुधरी रैंकिंग

साल	रैंक
2017	269
2018	115
2019	121
2020	12
2021	12
2022	17
2023	44
2024	03
2025	03



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में मेयर सुषमा खर्कवाल को रैंकिंग पर बधाई दी।

यह उपलब्धि केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं थी। इसमें शहरवासियों की जागरूकता, सफाई मित्रों की दिन-रात की मेहनत और गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग देने की आदत ने अहम भूमिका निभाई है। अब नगर निगम का अगला लक्ष्य इस रैंकिंग को सुधारकर देश में नंबर-1 का ताज हासिल करना है।

- सुषमा खर्कवाल, मेयर

इन प्रॉजेक्ट से नंबर-1 की आस



हॉर्टिकल्चर वेस्ट प्लांट
पेड़ों की छंटाई, पत्तियों और बागवानी कचरे के सेग्रीगेशन के लिए

सीबीजी प्लांट
जैविक कचरे से बायो-सीएनजी बनाने के लिए निर्माणाधीन

वेस्ट टु एनर्जी प्लांट
इससे कूड़े से न्यू हैदराबाद की तर्ज पर बिजली उत्पादन हो सकेगा



कचरा प्रबंधन के लिए पेट्रोल-डीजल की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया गया। वाहनों और सफाई व्यवस्था की निगरानी जीपीएस ट्रैकिंग और डिजिटल डैशबोर्ड से हो रही है। नुक्कड़ नाटक, बैक लेन आउटरीच और अन्य के जरिए नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

- गौरव कुमार, नगर आयुक्त

Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Chandigarh
Page No: 6
CCM: 126.91

Karnal gets President's award for cleanliness for the second consecutive time

स्वच्छता में करनाल को लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति पुरस्कार



करनाल : नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से अवार्ड प्राप्त करते मंत्री विपुल गोयल व महापौर रेणुबाला गुप्ता।

जागरण संवाददाता, करनाल : स्वच्छता में जिले ने एक बार फिर प्रदेश में बादशाहत साबित की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के 10वें संस्करण के परिणामों में करनाल को हरियाणा का पहला स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। करनाल ने लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति पुरस्कार हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

बुधवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। समारोह में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, महापौर रेणु बाला गुप्ता और निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और मंत्रालय के सचिव भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग अगले दो दिनों में जारी होने की उम्मीद है।

Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Hissar
Page No: 1
CCM: 282.42

Karnal leads in cleanliness, receives President's award for the second consecutive time

स्वच्छता में करनाल कर्णधार, लगातार दूसरी बार मिला राष्ट्रपति पुरस्कार

जागरण संवाददाता • करनाल : स्वच्छता में जिले ने एक बार फिर प्रदेश में बादशाहत साबित की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के 10वें संस्करण के परिणामों में करनाल को हरियाणा का पहला स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। करनाल ने लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति पुरस्कार हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

बुधवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। समारोह में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, महापौर रेणु बाला गुप्ता और निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने पुरस्कार ग्रहण किया। इस दौरान केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद रहे।

बड़ी उपलब्धि

- **प्रदेश का पहला स्वच्छ शहर बना करनाल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में किया सम्मानित**
- **केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में प्रदेश के मंत्री विपुल गोयल, महापौर रेणु बाला गुप्ता व निगमायुक्त ने ग्रहण किया पुरस्कार**



नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से स्वच्छता का पुरस्कार प्राप्त करते मंत्री विपुल गोयल व महापौर रेणुबाला गुप्ता • जागरण

यह पूरे हरियाणा के लिए यह गौरव का क्षण है। स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति पुरस्कार मिलना नगर निगम की टीम और शहरवासियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। विशेष रूप से सफाई मित्रों, अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत से शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में सफलता मिली है।

रेणुबाला गुप्ता, महापौर नगर निगम करनाल।

करनाल को मिला यह राष्ट्रपति पुरस्कार केवल एक शहर की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व और गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के शहरों को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। यह उपलब्धि सरकार की नीतियों, नगर निगम प्रशासन की सक्रियता और नागरिकों की सामूहिक भागीदारी का सकारात्मक परिणाम है।

विपुल गोयल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, हरियाणा।

इन मानकों पर हुआ मूल्यांकन

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत मार्च-अप्रैल में केंद्र सरकार की टीम आई थी। मूल्यांकन में दृश्य स्वच्छता, कूड़े का पृथक्करण, संग्रहण और परिवहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता, प्रयुक्त जल प्रबंधन और सीवरेज-नालों की सफाई के मशीनीकरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया था। सफाई कर्मचारियों का कल्याण, स्वच्छता के प्रति जागरूकता, संस्थागत व्यवस्थाओं, पर्यावरणीय प्रबंधन और नागरिकों की प्रतिक्रिया एवं शिकायतों के निवारण की स्थिति भी जांची गई थी। मूल्यांकन टीम ने नगर निगम की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजों और व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल कर रिपोर्ट केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय को भेजी थी।

स्वच्छ शहर की जोड़ी में अहमदाबाद और सूरत अव्वल >> पेज 11

Related News:

Publication Name: Dainik Jagran

Publication Date: 12/11/2026

Edition: Hissar

Page No: 11

CCM: 211.76

Ahmedabad and Sanand first in the pair of clean cities

स्वच्छ शहर की जोड़ी में अहमदाबाद व साणंद अव्वल

जागरण ब्यूरो ● नई दिल्ली : शहरों को स्वच्छ रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान में इस बार सबसे पहले ऐसे शहरों को पुरस्कृत किया गया है, जिन्होंने खुद स्वच्छता में श्रेष्ठ रहने के साथ ही अपने आसपास के किसी एक छोटे शहर को स्वच्छ बनाने के लिए भी काम किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में 'शहर की जोड़ी' के नाम से दिए गए पुरस्कार में पहला पुरस्कार अहमदाबाद (मेंटर सिटी) और साणंद (मेंटी सिटी) की जोड़ी को दिया गया है। दूसरा पुरस्कार इंदौर (मेंटर सिटी) और देपालपुर (मेंटी सिटी) को और तीसरा पुरस्कार तिरुपति (मेंटर सिटी) व कुप्पम (मेंटी सिटी) को दिया गया है। नेशनल क्लीन सिटी की श्रेणी में पहला पुरस्कार नवी मुंबई को, दूसरा सूरत और तीसरा पुरस्कार विजयवाड़ा को दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कारों की घोषणा की। पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे शहरों को उन्होंने पुरस्कृत किया।



'स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26' समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अहमदाबाद (मेंटर सिटी) और साणंद (मेंटी सिटी) को 'स्वच्छ शहर जोड़ी' पुरस्कार प्रदान करती हुईं।

शहरी विकास मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में इस बार 11 श्रेणियों में शहरों को पुरस्कृत किया गया। इनमें पहली और अहम श्रेणी स्वच्छ शहर जोड़ी की थी। आबादी के हिसाब से भी शहरों को पुरस्कृत किया गया। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) पहले स्थान पर रहा, जबकि जबलपुर दूसरे व लखनऊ तीसरे स्थान पर रहा। वहीं तीन से 10 लाख आबादी वाले शहरों में उज्जैन पहले स्थान पर रहा, जबकि चंडीगढ़ दूसरे और गुंटूर (आंध्र प्रदेश) तीसरे नंबर पर था। 50 हजार से तीन लाख तक की आबादी वाले शहरों में देवास पहले नंबर पर, नई दिल्ली नगर निगम दूसरे नंबर और सागर तीसरे नंबर पर रहा।

पुरस्कार की अन्य श्रेणियां

- स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन : पहला पुरस्कार रीवा (मध्य प्रदेश) को, दूसरे नंबर पर बिलासपुर (छत्तीसगढ़) और तीसरे स्थान पर वाराणसी (उत्तर प्रदेश)
- **स्वच्छ कोस्टल टाउन:** पहला पुरस्कार पुरी (ओडिशा) को, दूसरे स्थान पर अलप्पुझा (केरलम) और तीसरे स्थान पर रत्नागिरी (महाराष्ट्र)
- **क्लीन हिमालयन सिटी:** पहला पुरस्कार रुद्रपुर (उत्तराखंड) को, दूसरे स्थान पर जम्मू व तीसरे नंबर पर शोपियां (जम्मू-कश्मीर)

Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Jammu
Page No: 1
CCM: 232.32

Jammu-Kashmir shines on the map of cleanliness

स्वच्छता के नक्शे पर चमका जम्मू-कश्मीर

- क्लीन हिमालयन सिटी श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर जम्मू दूसरे और शोपियां तीसरे स्थान पर रहा
- बड़गाम शहर को भी आबादी श्रेणी में स्वच्छता के लिए विशेष पहचान और सम्मान प्राप्त



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जम्मू नगर निगम की आयुक्त आयूषी सूदन को सम्मानित करती हुई। ज्वाइंट कमिश्नर अब्दुल व हेल्थ आफिसर डा. शाहिद हुसैन मौजूद हैं ● सौ: निगम

जागरण टीम, जम्मू : स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-2026 में क्लीन हिमालयन सिटी श्रेणी में जम्मू शहर देशभर में दूसरा स्थान पर रहा। जबकि कश्मीर का शोपियां इसी श्रेणी में तीसरे स्थान पर रहा। पर्वतीय और हिमालयी राज्यों की इस विशेष श्रेणी में उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले का प्रमुख शहर रुद्रपुर पहले स्थान पर रहा। बुधवार को नई दिल्ली में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किए।

जम्मू शहर को यह उपलब्धि मुख्य रूप से तवी नदी के तटीय इलाकों की सफाई, पुराने डंपिंग स्थलों के वैज्ञानिक निस्तारण, जीपीएस आधारित कचरा वाहनों के संचालन और नागरिकों के सकारात्मक फीडबैक के आधार पर मिली है। वहीं, शोपियां नगर पालिका ने घर-घर कचरा संग्रहण और प्लास्टिक मुक्त अभियान को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने पर उपलब्धि मिली है। केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर जम्मू-कश्मीर के इस प्रदर्शन को ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि हिमालयी श्रेणी के शीर्ष तीन स्थानों में से दो अकेले जम्मू-कश्मीर के हिस्से आए। इसके साथ क्षेत्रीय मूल्यांकन में कश्मीर के बड़गाम शहर को आबादी श्रेणी में स्वच्छता के लिए विशेष पहचान और सम्मान प्राप्त हुआ। शोपियां म्युनिसिपल काउंसिल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुहेल अहमद मलिक ने कहा कि यह केवल परिषद के प्रयासों का परिणाम नहीं है। इस उपलब्धि में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी भी अहम रही। नगर परिषद शोपियां ने फरवरी से प्रमुख बाजारों में दुकानदारों के साथ संवाद अभियान चलाया था। दुकानदारों को दुकानों के आसपास सफाई रखने तथा ग्राहकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया। शोपियां, जम्मू या फिर बड़गाम की उपलब्धियां केवल पुरस्कारों तक सीमित नहीं हैं। ये जम्मू-कश्मीर में शहरी स्वच्छता, प्रशासनिक प्रयासों और नागरिक भागीदारी की बढ़ती भूमिका को भी दर्शाती हैं। अब चुनौती इन उपलब्धियों को स्थायी व्यवस्था में बदलने की है। नियमित कचरा संग्रहण, वैज्ञानिक निस्तारण, बाजारों की सफाई और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही यह राष्ट्रीय पहचान बरकरार रह सकती है।

(संबंधित पेज 7 व जागरण सिटी)


Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Jammu
Page No: 3
CCM: 434.24

President honored Jammu Municipal Corporation officials at Bharat Mandapam in Delhi, said - result of the hard work of sanitation workers Deficiencies removed through people's feedback... and cleanliness got new momentum

राष्ट्रपति ने दिल्ली के भारत मंडपम में जम्मू नगर निगम के अधिकारियों को किया सम्मानित, बोले-सफाई कर्मियों की कड़ी मेहनत का नतीजा

लोगों के फीडबैक से खामियां दूर... और स्वच्छता को मिल गई नई रफ्तार

- नागरिकों के सहयोग से शहर को राष्ट्रीय मंच पर मिली नई पहचान
- निगम आयुक्त बोलीं, स्वच्छता के लिए करने होंगे बेहतर प्रयास



स्वच्छता के बाद तवी रिवर फ्रंट बनने लगा जम्मू शहर की पहचान● सहारवेट मीडिया

जागरण संवाददाता, जम्मू : नगर निगम ने शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं, जिसका नतीजा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण की क्लीन हिमालयन सिटी श्रेणी में जम्मू को देशभर में दूसरा स्थान मिला है। केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत पहली बार शुरू की गई प्रतियोगिता में जम्मू शहर ने ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। निगम ने शहर 75 वार्डों में जीपीएस-सक्षम वाहनों के जरिए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था को शत-प्रतिशत लागू किया। पुराने डंपिंग स्थलों पर पड़े वर्षों पुराने कचरे का बायो-रेमेडिएशन तकनीक से वैज्ञानिक निस्तारण, कंपोस्टिंग यूनिट्स और मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्रों के जरिए सूखे व गीले कचरे की प्रोसेसिंग क्षमता को तेजी से बढ़ाया गया। इसके साथ ही तवी नदी के तटीय इलाकों, ऐतिहासिक धरोहरों, प्रमुख व्यावसायिक बाजारों और धार्मिक स्थलों की नियमित रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था ने शहर के स्वच्छता सूचकांक को राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष पर पहुंचाया। नागरिकों द्वारा स्वच्छता एप पर दर्ज शिकायतों का समाधान और सर्वेक्षण के दौरान दिया फीडबैक भी जम्मू के पक्ष में निर्णायक साबित हुआ।

गौरतलब रहे कि जम्मू नगर निगम के संगठित प्रयासों, स्वच्छता कर्मियों की दिन-रात की मेहनत और नागरिकों के सहयोग से शहर को राष्ट्रीय मंच पर यह नई पहचान मिली है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित भव्य राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शीर्ष विजेता शहरों के प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय स्वच्छता पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र सौंपे। समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री, राज्य मंत्री, मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव और देशभर के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के शीर्ष अधिकारी, नगर आयुक्त तथा महापौर मौजूद रहे। जम्मू नगर निगम की आयुक्त आयुषी सूदन ने ज्वाइंट कमिश्नर हेल्थ एंड सेनिटेशन अब्दुल स्तार व हेल्थ आफिसर डा. शाहिद हुसैन के साथ इस सम्मान को हासिल किया। सूदन ने इसे जम्मू नगर निगम की उपलब्धि करार दिया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए और बेहतर प्रयास किए जाएंगे।

ये हैं हिमालयी श्रेणी के मायने

पर्वतीय और हिमालयी क्षेत्रों की भौगोलिक बनावट, संकरी और घुमावदार गलियां, भूस्खलन का खतरा, नाजुक पारिस्थितिकी और पर्यटन का मौसमी दबाव मैदानी शहरों से बिल्कुल भिन्न होता है। अब तक राष्ट्रीय स्तर पर सभी शहरों का मूल्यांकन एक ही तराजू में होता था, जिससे पर्वतीय शहरों की वास्तविक चुनौतियां दब जाती थीं। केंद्र सरकार ने पहली बार यह विशेष श्रेणी बनाकर हिमालयी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच समान धरातल पर प्रतिस्पर्धा कराई। जम्मू शहर के स्तर पर देखें तो माता वैष्णो देवी यात्रा और अमरनाथ यात्रा का प्रमुख प्रवेश द्वार होने के नाते यहां फ्लोटिंग आबादी का दबाव रहता है।

Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Jammu
Page No: 7
CCM: 48.74

States should also start their own cleanliness awards: Manohar Lal

प्रदेश भी शुरू करें अपने यहां स्वच्छ पुरस्कार: मनोहर लाल

पुरस्कारों की घोषणा के मौके पर केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण की इस पहल से देश के शहरों में स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। उन्होंने इनमें 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों को शामिल करने पर भी जोर दिया। साथ ही कहा कि राज्यों को भी ऐसे पुरस्कार शुरू करने चाहिए। इससे जो शहर राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा से छूट जा रहे है, उन्हें भी अवसर मिल सकेगा।

Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Jhansi
Page No: 5
CCM: 51.21

States should also start their own cleanliness awards: Manohar Lal

प्रदेश भी शुरू करें अपने यहां स्वच्छ पुरस्कार : मनोहर लाल

पुरस्कारों की घोषणा के मौके पर केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण की इस पहल से देश के शहरों में स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। उन्होंने इनमें 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों को शामिल करने पर भी जोर दिया। साथ ही कहा कि राज्यों को भी ऐसे पुरस्कार शुरू करने चाहिए। इससे जो शहर राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा से छूट जा रहे है, उन्हें भी अवसर मिल सकेगा।

Publication Name: Dainik Bhaskar
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Chandigarh
Page No: 1
CCM: 193.45

Cleanliness Survey 2025-26: This time Navi Mumbai is the cleanest city in the country; Chandigarh second in the 3-10 lakh population category; Karnal and Shri Anandpur Sahib first among states

स्वच्छता सर्वे 2025-26 • इस बार नवी मुंबई देश में सबसे साफ शहर

3-10 लाख की आबादी की श्रेणी में चंडीगढ़ सेकेंड राज्यों में करनाल व श्री आनंदपुर साहिब अव्वल

नईदिल्ली/चंडीगढ़ | केंद्र के 2025-26 क्लीनलिनेस सर्वे में नवी मुंबई को देश का सबसे साफ शहर चुना गया है। सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे नंबर पर रहे। बुधवार को हुए कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को अवॉर्ड दिए। तीन से 10 लाख आबादी वाली कैटेगरी में उज्जैन ने पहला व चंडीगढ़ ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में ग्रेटर विशाखापट्टनम को सबसे साफ शहर चुना गया।

पिछले 8 साल से सबसे साफ शहर का तमगा पाने वाला इंदौर इस बार टॉपर्स में शामिल नहीं है। इस दौरान राज्यों के सबसे साफ शहरों की श्रेणी में हरियाणा का करनाल व पंजाब का श्री आनंदपुर साहिब भी अव्वल रहे। देश में स्वच्छता के मामले में मध्यप्रदेश का परचम फिर से लहराया है। अलग-अलग श्रेणियों में दिए गए स्वच्छ शहर पुरस्कारों के लिए कुल 63 शहर चुने गए, जिनमें से 9 शहर मप्र के हैं। इस दौरान श्री आनंदपुर साहिब को पंजाब का सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है। बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस को यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया है। बैंस ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के 10वें संस्करण में देशभर के 4,751 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों ने हिस्सा लिया था। इनमें से स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 63 निकायों को सम्मानित किया गया। श्री आनंदपुर साहिब को पंजाब के सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है।

▪ शेष पेज 9 पर



राष्ट्रपति मुर्मू से अवॉर्ड लेते पंजाब के मंत्री हरजोत बैंस।

▪ संबंधित खबर पढ़ें चंडीगढ़ भास्कर में

Publication Name: Dainik Bhaskar
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 1
CCM: 1599.64

Bilha is the country's cleanest small city, Raipur number 1 in cleanliness in Chhattisgarh; This time Navi Mumbai is the cleanest city in the country, again Surat, MP get many awards

स्वच्छ सर्वे • बिलासपुर समेत राष्ट्रपति ने तीनों निकायों को किया सम्मानित

बिल्हा देश का सबसे साफ छोटा शहर, रायपुर छत्तीसगढ़ में सफाई में नंबर 1

भास्कर न्यूज | रायपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को सम्मान मिला है। बिलासपुर जिले की नगर पंचायत बिल्हा ने 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, बिलासपुर को स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन श्रेणी में दूसरा स्थान मिला है। राजधानी रायपुर को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। हालांकि, पिछले सर्वे में रायपुर 10 लाख से अधिक आबादी वाले 40 शहरों की श्रेणी में देश में चौथे स्थान पर था। इस बार उसकी राष्ट्रीय रैंकिंग की जानकारी नहीं दी गई है।

दिल्ली के विज्ञान भवन में बुधवार को हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तीनों निकायों को सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ की ओर से उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और संबंधित निकायों के जनप्रतिनिधियों ने पुरस्कार ग्रहण किए। समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद रहे। सीएम विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को मिले राष्ट्रीय सम्मान हमारे शहरों की बदलती तस्वीर, स्वच्छता के प्रति प्रदेश के लोगों की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बता दें कि पिछले सर्वे में रायपुर ने 10 लाख से अधिक आबादी वाले 40 शहरों की श्रेणी में चौथा स्थान हासिल किया था। शेष | पेज 11



दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों स्वच्छ शहर का पुरस्कार लेते डिप्टी सीएम अरुण साव व रायपुर की मेयर मीनल चौबे।

स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर की रैंक

वर्ष	देश में रैंक	सर्वे में शहर
2016	68	73 शहर
2017	129	434 शहर
2018	139	434 शहर
2019	41	100 बड़े शहर
2020	62	100 बड़े शहर
2021	6	100 बड़े शहर
2022	36	100 बड़े शहर
2023-24	12	राष्ट्रीय रैंकिंग
2024-25	4	40 शहर (10 लाख आबादी)

इस बार नवी मुंबई देश में सबसे साफ शहर, फिर सूरत, मप्र को कई अवॉर्ड

चुने गए 63 शहरों में से 9 मध्यप्रदेश के हैं

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

केंद्र सरकार के 2025-26 स्वच्छता सर्वे में नवी मुंबई को देश का सबसे साफ शहर चुना गया है। सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे नंबर पर रहे। बुधवार को हुए कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कचरा प्रबंधन और सफाई में बेहतर काम करने वाले शहरी निकायों और नगर निगमों को 7 कैटेगरी में कुल 60 नेशनल अवॉर्ड दिए।

सबसे साफ हिमालयी शहर का अवॉर्ड उत्तराखंड के रुद्रपुर को मिला। हालांकि पिछले 8 साल से देश में सबसे साफ शहर का तमगा पाने वाला इंदौर इस बार टॉपर्स में शामिल नहीं है, क्योंकि इस बार इंदौर को नई 'स्वच्छ शहर जोड़ी' कैटेगरी में रखा गया। फिर भी स्वच्छता के मामले में मध्यप्रदेश का परचम लहराया है। स्वच्छ शहर पुरस्कारों के लिए कुल 63 शहर चुने गए, जिनमें से 9 शहर मप्र के हैं।

पहली बार दिए गए स्वच्छ शहर जोड़ी पुरस्कार के लिए भी इंदौर (मेटर सिटी) और देपालपुर (मेंटी सिटी जोड़ी) को द्वितीय पुरस्कार मिला। बता दें कि इस बार के सर्वेक्षण में 2.70 करोड़ नागरिकों के फीडबैक लिए गए। सर्वे में 4,751 शहर शामिल थे।

स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार

स्वच्छ शहर जोड़ी
- **पहला:** अहमदाबाद (मेटर सिटी) व साणंद (मेंटी सिटी)
- **दूसरा:** इंदौर (मेटर सिटी) व देपालपुर (मेंटी सिटी)
- **तीसरा:** तिरुपति (मेटर सिटी) व कुरुप्पम (मेंटी सिटी)

साफ शहर: 10 लाख से ज्यादा
1. विशाखापट्टनम (आंध्र), 2. जबलपुर (मप्र), 3. लखनऊ (उप्र)।

आबादी 3 से 10 लाख
1. उज्जैन, 2. चंडीगढ़, 3. गुंटूर।

50 हजार से 3 लाख
1. देवास, 2. नई दिल्ली, 3. सागर।

आबादी 20-50 हजार
1. वीटा (महाराष्ट्र), 2. आस्का (ओडिशा), 3. पणजी (गोवा)।

20 हजार से कम: 1. बिल्हा, 2. पंचगनी, 3. बुधनी। शेष पेज 11 पर

Publication Name: Dainik Bhaskar
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Varanasi
Page No: 1
CCM: 117.77

Cleanliness Survey 2025-26: MP gets many awards; This time Navi Mumbai is the cleanest city in the country, Surat next

स्वच्छता सर्वे 2025-26 • मप्र को कई अवॉर्ड

इस बार नवी मुंबई देश में सबसे साफ शहर, फिर सूरत

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

केंद्र सरकार के 2025-26 स्वच्छता सर्वे में नवी मुंबई को देश का सबसे साफ शहर चुना गया है। सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे नंबर पर रहे। बुधवार को हुए कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को अवॉर्ड दिए। तीन लाख से 10 लाख की आबादी वाली कैटेगरी में उज्जैन ने पहला स्थान हासिल किया। जबकि 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में ग्रेटर विशाखापट्टनम को सबसे साफ शहर चुना गया। हालांकि पिछले 8 साल से सबसे साफ शहर का तमगा पाने वाला इंदौर इस बार टॉपर्स में शामिल नहीं है। लेकिन, देश में स्वच्छता के मामले में मध्यप्रदेश का परचम फिर से लहराया है।



राष्ट्रपति मुर्मु से अवॉर्ड लेतीं नवी मुंबई की अधिकारी।

स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार

स्वच्छ शहर जोड़ी
- **पहला:** अहमदाबाद (मेंटर सिटी) व साणंद (मेंटी सिटी)
- **दूसरा:** इंदौर (मेंटर सिटी) व देपालपुर (मेंटी सिटी)
- **तीसरा:** तिरुपति (मेंटर सिटी) व कुरुप्पम (मेंटी सिटी)

साफ शहर: 10 लाख से ज्यादा
1. विशाखापट्टनम (आंध्र), 2. जबलपुर (मप्र), 3. लखनऊ (उप्र)।

Publication Name: Amar Ujala
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Agra
Page No: 5
CCM: 174.99

Lucknow third cleanest city; Cleanliness Survey: Varanasi number 3 among cities with cleanest river banks

लखनऊ तीसरा सबसे स्वच्छ शहर

स्वच्छता सर्वे : सबसे साफ नदी तट वाले शहरों में वाराणसी नंबर 3

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। वार्षिक स्वच्छ सर्वेक्षण (2025-26) में अलग-अलग श्रेणियों में यूपी के दो शहर तीसरे स्थान पर हैं। सबसे साफ नदी तट वाली श्रेणी में वाराणसी और 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में लखनऊ नंबर तीन पर है।

इस बार नवी मुंबई को सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। इसके बाद सूरत एवं विजयवाड़ा का स्थान रहा। पिछले आठ वर्षों से सबसे स्वच्छ शहर का खिताब हासिल करने वाला इंदौर इस साल रैंकिंग में स्थान नहीं बना सका। पिछले साल इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, सबसे स्वच्छ नदी तट वाले शहरों की श्रेणी में मध्य प्रदेश के रीवा ने पहला स्थान हासिल किया जबकि बिलासपुर दूसरे तीसरे स्थान पर रहे। 3-10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में उज्जैन सबसे स्वच्छ रहा। इसके बाद चंडीगढ़ व गुंटूर का स्थान रहा। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में ग्रेटर विशाखापत्तनम पहले और जबलपुर दूसरे नंबर पर रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक समारोह में विजेता शहरों को पुरस्कार किए।

>> नहीं मिला पुरस्कार...: माई सिटी पेज 1

Publication Name: Amar Ujala
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Prayagraj
Page No: 9
CCM: 170.93

Varanasi number 3 in cities with cleanest river banks; Cleanliness Survey: Lucknow third cleanest city

सबसे साफ नदी तट वाले शहरों में वाराणसी नंबर 3

स्वच्छता सर्वे : लखनऊ तीसरा सबसे स्वच्छ शहर

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। वार्षिक स्वच्छ सर्वेक्षण (2025-26) में अलग-अलग श्रेणियों में यूपी के दो शहर तीसरे स्थान पर हैं। सबसे साफ नदी तट वाली श्रेणी में वाराणसी और 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में लखनऊ नंबर तीन पर है।

इस बार नवी मुंबई को सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। इसके बाद सूरत एवं विजयवाड़ा का स्थान रहा। पिछले आठ वर्षों से सबसे स्वच्छ शहर का खिताब हासिल करने वाले इंदौर को इस बार मेंटर सिटी श्रेणी में रखा गया, जहां उसने दूसरा स्थान पाया, जबकि अहमदाबाद पहले स्थान पर रहा। पिछले वर्ष इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, सबसे स्वच्छ नदी तट वाले शहरों की श्रेणी में मध्य प्रदेश का रीवा पहले, बिलासपुर दूसरे व यूपी का वाराणसी तीसरे स्थान पर है। 3-10 लाख की आबादी के शहरों में उज्जैन सबसे स्वच्छ रहा। इसके बाद चंडीगढ़ व गुंटूर हैं। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में ग्रेटर विशाखापत्तनम पहले व जबलपुर दूसरे नंबर पर रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेता शहरों को पुरस्कृत किया।



वाराणसी के घाटों का विहंगम दृश्य।

प्रदेश में गाजियाबाद को मिला पहला स्थान

स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजों में गाजियाबाद को इस बार उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। पिछले साल गाजियाबाद 11वें और 2023-24 में 19वें स्थान पर रहा था।

रुद्रपुर सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर, जम्मू नंबर दो : इस बार के सर्वे में स्वच्छ तटीय शहर श्रेणी में पुरी ने पहला स्थान हासिल किया जबकि केरलम के अलप्पुझा ने दूसरा और महाराष्ट्र के रत्नागिरि ने तीसरा स्थान हासिल किया। रुद्रपुर सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर रहा, जबकि जम्मू ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस बार नदी किनारे बसे शहरों के लिए विशेष मूल्यांकन व समुद्र तटीय शहरों के लिए अलग मूल्यांकन मैट्रिक्स का प्रावधान किया गया है।

Publication Name: Amar Ujala
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Shimla
Page No: 1
CCM: 195.53

Theog in top-20 in cleanliness, President honored

स्वच्छता में ठियोग टॉप-20 में, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

मंत्री विक्रमादित्य ने लिया पुरस्कार, सीएम बोले-सरकार के संकल्प का परिणाम

शिमला/ठियोग। स्वच्छता में हिमाचल प्रदेश ने एक और उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर परिषद ठियोग को देश के शीर्ष 20 शहरी स्थानीय निकायों में स्थान मिला है। बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिमाचल को प्रतिष्ठित सम्मान दिया। प्रदेश की ओर से शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पुरस्कार प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस उपलब्धि को प्रदेश सरकार के स्वच्छ, हरित और सतत विकास के संकल्प का परिणाम बताया। वहीं, विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार शहरी स्थानीय निकायों के समग्र प्रदर्शन में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। केंद्रित प्रयासों, विभागों के बीच बेहतर समन्वय और नियमित निगरानी के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। नगर परिषद ठियोग की उपलब्धि इन्हीं प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन व्यवस्था में सुधार और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। ब्यूरो/संवाद



दिल्ली में राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार हासिल करते मंत्री विक्रमादित्य सिंह। स्रोत : जागरूक पाठक

सभी नगर निकायों को करेंगे प्रेरित

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरी स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत बनाएगी। सभी शहरी स्थानीय निकायों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी के क्षेत्र में बेहतर मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे आगामी स्वच्छ सर्वेक्षणों में हिमाचल प्रदेश और बेहतर प्रदर्शन कर सके।

Publication Name: Punjab Kesari
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Jaipur
Page No: 3
CCM: 447.2

Cleanliness Survey: Jaipur number one in Rajasthan, could not find a place in the country's top-three

स्वच्छता सर्वे : राजस्थान में जयपुर नंबर वन देश के टॉप-थ्री में नहीं मिल पाया स्थान

नवी मुंबई सुपर स्वच्छ लीग में पहले व सूरत दूसरे स्थान पर, विशाखापत्तनम, जबलपुर और लखनऊ शीर्ष स्वच्छ शहरों में शामिल

जयपुर, 11 नवंबर (पंजाब केसरी): स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के परिणाम बुधवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में घोषित किए गए। राजस्थान में जयपुर को सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला है। जयपुर को 'स्टेट फर्स्ट ऑफ स्वच्छ सिटी' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कचरा संग्रहण, सफाई व्यवस्था और वाटर मैनेजमेंट सहित विभिन्न मानकों पर किए गए काम के आधार पर मिला हैं। हालांकि, राष्ट्रीय स्तर पर 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में जयपुर शीर्ष तीन में जगह नहीं बना सका। राजस्थान का कोई भी शहर किसी राष्ट्रीय श्रेणी में टॉप-थ्री में शामिल नहीं हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नगरीय विकास



एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर नगर निगम महापौर सुनील कोठरी, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग रवि जैन और जयपुर नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा को पुरस्कार सौंपा।

73 शहरों से शुरू हुआ था सफर, अब 4751 से अधिक शहर शामिल: 2016 में महज 73 शहरों से शुरू हुआ स्वच्छता सर्वेक्षण अपने दसवें संस्करण में 4751 से अधिक शहरों तक पहुंच गया है। इस बार सर्वेक्षण में शहरों की सफाई, कचरा प्रबंधन, जल प्रबंधन और नागरिक सहभागिता जैसे पहलुओं का मूल्यांकन किया गया।

मेंटर-मेंटी शहरों की नई पहल

इस बार स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत मेंटर और मेंटी शहरों को जोड़कर अलग पुरस्कार दिए गए। इसमें अहमदाबाद के साथ सूरत को पहलाए इंदौर के साथ देपालपुर को दूसरा और तिरुपति के साथ कुप्पम को तीसरा स्थान मिला। इसके अलावा नदी किनारे बसे शहरों के लिए रिवर टाउन और अर्बन रिवर फ्रंट और समुद्र तटीय शहरों के लिए कोस्टल एरिया श्रेणी में अलग मूल्यांकन व्यवस्था रखी गई।



इनका कहना है...



यह सम्मान प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के लिए प्रेरणास्रोत है। राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के सभी शहरों में स्वच्छता, वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन एवं नागरिक सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ करते हुए स्वच्छ एवं विकसित प्रदेश के लक्ष्य

Publication Name: Punjab Kesari
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Jaipur
Page No: 3
CCM: 60.9

Big cleanliness campaigns were run in Jaipur

जयपुर में चलाए थे बड़े सफाई अभियान

जयपुर को राज्य में पहला स्थान दिलाने के लिए नगर निगम ने भी बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाए। 18 अप्रैल को सफाई सेवा मैराथन में एक ही दिन में 6000 टन कचरा उठाने का रिकॉर्ड बनाया गया था। इसमें 150 वार्डों में 9 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी और करीब 1500 वाहन लगाए थे। दीपावली से पहले परकोटे में ऑपरेशन क्लीन स्वीप-2.0 व 5 नवंबर को सभी 150 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। दोनों निगमों के एकीकरण के बाद इस बार जयपुर ने एक शहर के रूप में सर्वेक्षण में भाग लिया। सर्वेक्षण 2024-25 में जयपुर ग्रेटर 16वें और हेरिटेज 20वें स्थान पर रहा था। दोनों को थ्री-स्टार रेटिंग मिली थी। इस बार सर्वे में सुपर स्वच्छ लीग भी आकर्षण का केंद्र रही। इसमें नवी मुंबई ने पहला, सूरत ने दूसरा और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले सर्वेक्षण में इस लीग में इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे। मध्यप्रदेश में ग्वालियर को सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया।

Publication Name: Jansatta
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 4
CCM: 122.18

Noida's dominance in cleanliness continues, remains first in UP again

स्वच्छता में नोएडा का दबदबा कायम, यूपी में फिर रहा अव्वल

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 11 नवंबर।

स्वच्छता के मामले में नोएडा ने एक बार फिर अपनी मजबूत स्थिति साबित की है। स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर ने उत्तर प्रदेश में लगातार अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। वहीं, देशभर की रैंकिंग में भी बड़ी छलांग लगाते हुए 2023 के 14वें स्थान के मुकाबले इस बार छठी रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ नोएडा ने देश के सबसे स्वच्छ शहरों में अपनी जगह और मजबूत कर ली है।

आल इंडिया रैंकिंग में 14वें से छठे स्थान पर पहुंचा शहर।

प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक, वर्ष 2018 में स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान नोएडा की रैंकिंग 324 थी। इसके बाद शहर ने स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार सुधार किया। वर्ष 2021 में नोएडा देश के शीर्ष पांच स्वच्छ शहरों में शामिल हुआ। इसके बाद 2022 में 7500 में से 6332 अंक हासिल कर पांचवीं रैंक प्राप्त की। वहीं, 2023 में 9500 में से 8117 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया था। लगातार बेहतर प्रदर्शन के चलते नोएडा को सुपर स्वच्छ लीग (गोल्डन सिटी) में शामिल किया गया। इस श्रेणी में शहर ने स्वच्छता से जुड़े सभी मानकों पर काम किया। इस वर्ष भी नोएडा ने 85 फीसद से अधिक अंक हासिल कर सुपर स्वच्छ लीग में अपनी जगह बरकरार रखी है। इसके साथ ही शहर को पांच सितारा गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) रेटिंग और वाटर प्लस प्रमाणन भी मिला है।

Publication Name: Rajasthan Patrika
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 1
CCM: 1547.98

Cleanliness Ranking: Survey of 4751 cities, President Murmu gave awards; Navi Mumbai is the cleanest city, Surat at second place; cleanliness awareness increased

स्वच्छता रैंकिंग: 4751 शहरों का सर्वेक्षण, राष्ट्रपति मुर्मु ने दिए पुरस्कार

नवी मुंबई सबसे स्वच्छ शहर, सूरत दूसरे नंबर पर; सफाई जागरुकता बढ़ी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

नई दिल्ली. स्वच्छता के मामले में नवी मुंबई ने देशभर के शहरों को पीछे छोड़ते हुए सुपर स्वच्छ लीग में पहला स्थान हासिल किया है। सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को यहां आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण के 10वें संस्करण (2025-26) के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को पुरस्कार प्रदान किए। राजस्थान में जयपुर को सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान मिला। मध्य प्रदेश में ग्वालियर तथा छत्तीसगढ़ में रायपुर ने यह उपलब्धि हासिल की।

पिछले संस्करण में सुपर स्वच्छ लीग में इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर था। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में ग्रेटर विशाखापत्तनम ने पहला स्थान हासिल किया। जबलपुर दूसरे और लखनऊ तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम में हरियाणा के करनाल को शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को भी शहरी स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

पूरी रैंकिंग दो दिन बाद आएगी

शहरी विकास मंत्रालय ने फिलहाल आबादी, तटीय, हिमालयी व रिवर फ्रंट शहरों की अलग-अलग श्रेणियों में टॉप-3 शहरों के नाम तथा राज्यों में सबसे स्वच्छ शहर का नाम ही घोषित किया है। सभी शहरों की समग्र रैंकिंग दो दिन बाद जारी की जाएगी।



टॉप-3 सुपर स्वच्छ शहर

1. नवी मुंबई (महाराष्ट्र)
2. सूरत (गुजरात)
3. विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)

अलग-अलग श्रेणियों में टॉप-3 शहर

स्वच्छ शहर जोड़ी (मेंटर सिटी व छोटा शहर)
1. अहमदाबाद: साणंद
2. इंदौर: देपालपुर
3. तिरूपति: कुप्पम

10 लाख से अधिक आबादी वाले
1. विशाखापत्तनम
2. जबलपुर
3. लखनऊ

3-10 लाख तक आबादी
1. उज्जैन
2. चंडीगढ़
3. गुंटूर

50000 से तीन लाख तक आबादी
1. देवास
2. नई दिल्ली (एनडीएमसी)
3. सागर

20000 से 50000 आबादी
1. वीटा (महाराष्ट्र)
2. अस्का (ओडिशा)
3. पणजी(गोवा)

बीस हजार से कम आबादी
1. बिल्हा (छत्तीसगढ़)
2. पंचगनी (महाराष्ट्र)
3. बुधनी (मध्यप्रदेश)

स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन
1. रीवा (50 हजार से 3 लाख की श्रेणी)
2. बिलासपुर (3 लाख से 10 लाख की श्रेणी)
3. वाराणसी (दस लाख से अधिक)

तटीय शहर श्रेणी 1. पुरी 2.अल्लपुजा 3.रत्नागिरी

हिमालयन शहर श्रेणी 1.रूद्रपुर 2.जम्मू 3.शोपियां

4751 शहरों तक पहुंचा सर्वेक्षण


स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के एक दशक पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह की थीम 'स्वच्छता की नई पहल-बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रही। इस बार देशभर के 4751 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों का 43 मानकों पर मूल्यांकन किया गया। वर्ष 2016 में शुरू हुए स्वच्छ सर्वेक्षण में पहले केवल 73 शहरी निकाय शामिल थे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में नागरिकों की भागीदारी और फीडबैक को अधिक महत्व दिया गया है।

इन पैमानों पर आकलन

शहरी निकायों का मूल्यांकन 10 प्रमुख क्षेत्रों के 43 संकेतकों के आधार पर किया गया। इनमें मुख्य रूप से क्षेत्रों में कचरे का पृथक्करण, संग्रहण एवं परिवहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्रत्यक्ष स्वच्छता, स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच, संस्थागत व्यवस्था, प्रयुक्त जल प्रबंधन, स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जनभागीदारी, सफाई कर्मचारियों का समग्र कल्याण तथा नागरिकों की शिकायतों का निवारण शामिल हैं।

बढ़ रही है स्वच्छता जागरुकता और घर-घर कचरा संग्रहण

जारी की गइ रिपोर्ट में सामने आया कि सफाई के प्रति लोगों में जागरुकता और घर-घर कचरा संग्रहण बढ़ रहा है।'प्रत्यक्ष स्वच्छता' के मानक पर सहभागी शहरों का प्रदर्शन स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के 48% से बढ़कर नवीनतम संस्करण में 70% हो गया है।



Publication Name: Rajasthan Patrika
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Jaipur
Page No: 2
CCM: 112.98

Will emphasize special monitoring of cleanliness: Kothari

सफाई की विशेष निगरानी पर बल देंगे: कोठारी

*स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर जयपुर के पिछड़ने के क्या कारण रहे, नगर निगम की आगे क्या तैयारियां हैं। स्वच्छता मिशन में कौनसी चुनौतियां हैं, जिनसे निपटना जरूरी है। **महापौर सुनील कोठारी से पत्रिका की बातचीत-***

Q सफाई के मोर्चे पर हम क्यों पिछड़े?

जवाब: सड़क किनारे और खुले में कचरा डालना। कई स्थानों पर नियमित सफाई के बावजूद दोबारा कचरा डाल दिया जाता है। ऐसे स्थानों को चिह्नित कर विशेष निगरानी की जाएगी।

Q आगे की कार्ययोजना क्या है?

जवाब: केवल अभियान चलाने की बजाय नियमित सफाई व्यवस्था को मजबूत करेंगे। शत-प्रतिशत कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्करण और उसकी प्रोसेसिंग सुनिश्चित करेंगे। कमजोर सफाई वाले इलाकों में विशेष निगरानी। सफाई वाहनों, आधुनिक मशीनों, कचरा परिवहन और प्रोसेसिंग सुविधाओं की जरूरत का आकलन किया जाएगा। जहां अतिरिक्त



संसाधनों की आवश्यकता होगी, वहां राज्य सरकार से सहयोग लिया जाएगा।

Q जयपुर को कैसे नंबर वन बनाएंगे?

जवाब: स्वच्छता को मिशन मोड में लेकर काम करेंगे। सभी 150 वार्डों में सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग होगी। कचरा संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां विशेष सफाई और निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। अधिकारियों और जोन स्तर के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी। पार्षदों और आम नागरिकों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा।

Publication Name: Rajasthan Patrika
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Jaipur
Page No: 10
CCM: 57.43

Continued from jacket... Cleanliness...

जैकेट से जारी...

स्वच्छता...

दो नगर निगमों के एकीकरण के बाद जयपुर इस बार प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर बना है। पिछले साल ग्रेटर नगर निगम ने राष्ट्रीय स्तर पर 16वीं और हैरिटेज नगर निगम ने 20वीं रैंक हासिल की थी। दोनों निगम प्रदेश में सबसे आगे रहे थे। दूसरी ओर मध्यप्रदेश के नौ शहरों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाकर स्वच्छता के मोर्चे पर फिर अपनी ताकत दिखाई है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में जयपुर को राज्य के प्रथम स्वच्छ शहर के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर महापौर सुनील कोठारी, स्वायत्त शासन विभाग के सचिव रवि जैन और नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने ग्रहण किया। शहरी विकास मंत्रालय ने फिलहाल आबादी, तटीय, हिमालयी व रिवर फ्रंट शहरों की अलग-अलग श्रेणियों में टॉप-3 शहरों के नाम तथा राज्यों में सबसे स्वच्छ शहर का नाम ही घोषित किया है। सभी शहरों की समग्र रैंकिंग दो दिन बाद जारी की जाएगी।

Publication Name: Rajasthan Patrika
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Jodhpur
Page No: 1
CCM: 351.88

Cleanliness Ranking: Survey of 4751 cities, President Murmu gave awards. Rajasthan out of top-3 in cleanliness competition, Navi Mumbai is the cleanest city

स्वच्छता रैंकिंग: 4751 शहरों का सर्वेक्षण, राष्ट्रपति मुर्मु ने दिए पुरस्कार

स्वच्छता मुकाबले में राजस्थान टॉप-3 से बाहर, नवी मुंबई सबसे स्वच्छ शहर

जयपुर को सिर्फ अपने राज्य में अव्वल होने का सम्मान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर . राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को यहां आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण के 10वें संस्करण (2025-26) के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को पुरस्कार प्रदान किए। स्वच्छता के राष्ट्रीय मुकाबले में राजस्थान इस बार भी शीर्ष स्थानों पर जगह बनाने में नाकाम रहा। स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजों में प्रदेश के किसी भी शहर को किसी श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-3 में जगह नहीं मिली। यहां तक कि देश के बड़े शहरों के बीच हुई प्रतिस्पर्धा में जयपुर सहित राजस्थान का कोई भी शहर अपनी जगह नहीं बना पाया।

प्रदेश से केवल जयपुर को सम्मान मिला, लेकिन यह भी राष्ट्रीय रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर नहीं, बल्कि राज्य के शहरों के बीच प्रथम स्थान हासिल करने पर मिला। यानि, जयपुर को प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में चुना गया है। दो नगर निगमों के एकीकरण के बाद जयपुर इस बार प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर बना है। पिछले साल ग्रेटर नगर निगम ने राष्ट्रीय स्तर पर 16वीं और हैरिटेज नगर निगम ने 20वीं रैंक हासिल की थी। दोनों निगम प्रदेश में सबसे आगे रहे थे। दूसरी ओर मध्यप्रदेश के नौ शहरों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाकर स्वच्छता के मोर्चे पर फिर अपनी ताकत दिखाई है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में जयपुर को राज्य के प्रथम स्वच्छ शहर के रूप में सम्मानित किया गया।



टॉप-3 सुपर स्वच्छ शहर

1. नवी मुंबई (महाराष्ट्र)
2. सूरत (गुजरात)
3. विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)

अलग-अलग श्रेणियों में टॉप-3 शहर

स्वच्छ शहर जोड़ी (मेंटर सिटी व छोटा शहर)	10 लाख से अधिक आबादी वाले	3-10 लाख तक आबादी
1. अहमदाबाद: साणंद	1. विशाखापत्तनम	1. उज्जैन
2. इंदौर: देपालपुर	2. जबलपुर	2. चंडीगढ़
3. तिरूपति: कुप्पम	3.लखनऊ	3. गुंटूर

50000 से तीन लाख तक आबादी	1.देवास 2. नई दिल्ली (एनडीएमसी) 3. सागर	20000 से 50000 आबादी	1.वीटा (महाराष्ट्र) 2.अस्का (ओडिशा) 3.पणजी(गोवा)

बीस हजार से कम आबादी
1. बिल्हा (छत्तीसगढ़)
2. पंचगनी (महाराष्ट्र)
3. बुधनी (मध्यप्रदेश)

स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन
1. रीवा (50 हजार से 3 लाख की श्रेणी)
2. बिलासपुर (3 लाख से 10 लाख की श्रेणी)
3. वाराणसी (दस लाख से अधिक)

तटीय शहर श्रेणी 1. पुरी 2.अल्लपुजा 3.रत्नागिरी

हिमालयन शहर श्रेणी 1.रूद्रपुर 2.जम्मू 3.शोपियां

पत्रिका व्यू

सवाल वही, सफाई सिर्फ सर्वेक्षण तक तो नहीं?


जयपुर को प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर चुना जाना कोई बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है, बल्कि असली चुनौती शहर की रोजमर्रा की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने की है। इसके लिए राज्य सरकार को दूसरे राज्यों के नगरीय निकायों को मिले अधिकारों, वित्तीय स्वायत्तता और प्रशासनिक शक्तियों का तुलनात्मक अध्ययन कराने की जरूरत है, ताकि प्रदेश के निकायों को भी बेहतर सफाई व्यवस्था विकसित करने के लिए पर्याप्त अधिकार और संसाधन मिल सकें।

इन पैमानों पर आकलन

शहरी निकायों का मूल्यांकन 10 प्रमुख क्षेत्रों के 43 संकेतकों के आधार पर किया गया। कचरे का पृथक्करण, संग्रहण एवं परिवहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच, संस्थागत व्यवस्था, प्रयुक्त जल प्रबंधन, जागरूकता एवं जनभागीदारी, सफाई कर्मचारियों का समग्र कल्याण शामिल हैं।

बढ़ रही है स्वच्छता जागरुकता और घर-घर कचरा संग्रहण

जारी की गइ रिपोर्ट में सामने आया कि सफाई के प्रति लोगों में जागरुकता और घर-घर कचरा संग्रहण बढ़ रहा है।'प्रत्यक्ष स्वच्छता' के मानक पर सहभागी शहरों का प्रदर्शन स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के 48% से बढ़कर नवीनतम संस्करण में 70% हो गया है।



Publication Name: Loksatya
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 1
CCM: 721.36

Navi Mumbai's influence in cleanliness, Lucknow also shined

स्वच्छता पर सम्मान | **10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में आगे रहा विशाखापट्टनम**

नवी मुंबई का स्वच्छता में जलवा, लखनऊ भी चमका

- **तटीय शहरों में पुरी ने हासिल किया पहला स्थान**
- **रुद्रपुर सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर**



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की प्रमुख श्रेणियों के विजेता

राष्ट्रीय स्वच्छ शहर: नवी मुंबई, सूरत, विजयवाड़ा।
स्वच्छ नदी तटीय शहर: रीवा, बिलासपुर, वाराणसी।
स्वच्छ समुद्री तटीय शहर: पुरी, अलप्पुझा, रत्नागिरी।
स्वच्छ हिमालयी शहर: रुद्रपुर, जम्मू, शोपियां।
मेंटर शहर: अहमदाबाद पहले और इंदौर दूसरे स्थान पर।

नई दिल्ली, लोकसत्य। शहरों को स्वच्छता के स्तर पर दिए जाने वाले अवार्ड्स का ऐलान हो गया है। नवी मुंबई को स्वच्छ शहरलीग की कैटेगरी में पहला स्थान मिला है। इसके बाद दूसरे नंबर पर सूरत और तीसरे पर विजयवाड़ा रहा है।

वहीं दूसरी ओर 10 लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले शहरों में ग्रेटर विशाखापट्टनम ने बाजी मार ली है। इस कैटेगरी में दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश का जबलपुर और तीसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ रही है। तटीय शहरों के इलाकों की कैटेगरी में पहला स्थान ओडिशा के पुरी ने हासिल किया है। जगन्नाथ यात्रा के लिए मशहूर इस शहर ने स्वच्छता के क्षेत्र में भी अपना लोहा मनवाया है।

इसके बाद दूसरा स्थान केरलम के अलपज्जोह और तीसरा स्थान महाराष्ट्र के रत्नागिरी ने हासिल किया है। हिमालय के तलहटी में बसे शहरों की लिस्ट में स्वच्छता के मामले में रुद्रपुर ने बाजी मारी है। वहीं, जम्मू को इस मामले में दूसरा स्थान हासिल हुआ है। इसके अलावा नदी के किनारे वाले शहरों में पहला स्थान मध्य प्रदेश के शहर रीवा ने पहला स्थान हासिल किया है, जबकि बिलासपुर को दूसरा और वाराणसी को तीसरा स्थान हासिल हुआ है।

Publication Name: Loksatya
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 8
CCM: 296.66

Contribution of citizens necessary in cleanliness campaign: President

स्वच्छता अभियान में देशवासियों का योगदान जरूरी: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने स्वच्छ सर्वेक्षण के विजेता शहरों को किया सम्मानित

नई दिल्ली, लोकसत्य।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वच्छता को जनभागीदारी से जुड़ा अभियान बताते हुए कहा कि इसके लिए नागरिकों, स्थानीय प्रशासन और सफाई कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

राष्ट्रपति ने बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत देश के स्वच्छ शहरों को सम्मानित किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में नवी मुंबई, सूरत और विजयवाड़ा को सुपर स्वच्छ लीग के शीर्ष तीन शहर घोषित किया गया। वहीं, दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में विशाखापत्तनम, जबलपुर और लखनऊ ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए।

350 से अधिक शहरों ने रैंकिंग सुधारी: आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष 350 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) ने अपनी रैंकिंग में 500 से अधिक पायदान का सुधार किया है। वहीं, 50 हजार से कम आबादी वाले 1,700 से अधिक छोटे शहरों की रैंकिंग में भी पिछले वर्ष के मुकाबले सुधार हुआ है।

कचरा निस्तारण 96 फीसदी से अधिक हो गया: समारोह में



केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद शहरी कचरा प्रसंस्करण की क्षमता 16 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत हो गई है। वहीं, घर-घर कचरा संग्रहण का दायरा 44 प्रतिशत से बढ़कर 96 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष के सर्वेक्षण में 2.70 करोड़ नागरिकों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। स्वच्छ सर्वेक्षण का दायरा 2016 में 73 शहरों से बढ़कर 2025-26 में 4,751 शहरों तक पहुंच गया है।

पिछले सर्वेक्षण में सुपर स्वच्छ लीग में इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे। इसके अलावा राजस्थान में जयपुर और मध्य प्रदेश में ग्वालियर को सबसे स्वच्छ शहर बताया गया है।

उलटफेर भी हुआ, भोपाल अब दौड़ से बाहर: भोपाल ने लगातार सात साल की मेहनत के बाद पिछली स्वच्छता रैंकिंग में देश के दूसरे सबसे स्वच्छ शहर का मुकाम हासिल किया था। लेकिन इस बार शहर को राष्ट्रीय पुरस्कारों की दौड़ में जगह नहीं मिली। इसकी बड़ी वजह आदमपुर छावनी में जमा करीब 5 लाख टन पुराने कचरे का निपटान नहीं होना माना जा रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में प्रकरण चल रहा है।

Publication Name: Loksatya
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Chandigarh
Page No: 1
CCM: 228.09

Leap in cleanliness, Chandigarh at second place in the country, President honored the Mayor and Commissioner

स्वच्छता की छलांग, चंडीगढ़ देश में दूसरे पायदान पर, राष्ट्रपति ने मेयर और कमिश्नर को किया सम्मानित

सुरजीत सिंह सत्ती, लोकसत्य

चंडीगढ़। स्वच्छता रैंकिंग में चंडीगढ़ ने देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में मिली उपलब्धि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को मेयर सौरभ जोशी और निगम कमिश्नर अमित कुमार को सम्मानित किया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के 3 लाख से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी केन परिणाम घोषित किए गए। बुधवार को घोषित हुए सर्वेक्षण के नतीजों के बाद शहर की स्वच्छता रैंकिंग को लेकर यह उपलब्धि महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इस श्रेणी में मध्य प्रदेश के उजैन ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि चंडीगढ़ दूसरे स्थान पर रहा। नगर निगम के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी अहम है क्योंकि शहर ने स्वच्छता से जुड़े अलग-अलग मानकों पर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। सर्वेक्षण के नतीजों में कचरा प्रबंधन, सफाई व्यवस्था और नागरिकों की भागीदारी जैसे पहलुओं को विशेष महत्व दिया गया। पिछले स्वच्छता सर्वेक्षण यानी 2024-25 में भी चंडीगढ़ ने 3 लाख से 10 लाख आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल किया था। उस समय चंडीगढ़ नोएडा के बाद दूसरे नंबर पर रहा था। इस बार भी शहर ने अपनी रैंकिंग को बरकरार रखते हुए इस श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहरों का मूल्यांकन कुल 43 अलग-अलग मानकों के आधार पर किया गया। इनमें घरों और व्यावसायिक क्षेत्रों से कचरा संग्रहण, गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की व्यवस्था, कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण और सार्वजनिक स्थानों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल रहे। इसके अलावा स्वच्छता अभियान में आम लोगों की भागीदारी को भी मूल्यांकन का हिस्सा बनाया गया।



मेयर्स कान्फ्रेंस में हुई थी प्रशंसा: पिछले महीने चंडीगढ़ में मेयर्स कानफ्रेंस हुई थी। इसी दौरान देश केरल विभिन्न शहरो केरल मेयरों ने चंडीगढ़ की सफाई व्यवस्था कीव प्रशंसा की थी। कुछ मेयरों ने उनके शहरों में चंडीगढ़ की सफाई व्यवस्था काम अनुसरण करने की बात कही थी।

सर्वेक्षण में केवल सफाई व्यवस्था ही नहीं, बल्कि कचरे के संग्रहण से लेकर उसके उचित निस्तारण तक की पूरी प्रक्रिया को परखा गया। शहरों में स्वच्छता को लेकर नागरिकों की जागरूकता और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई भी रैंकिंग तय करने वाले प्रमुख आधारों में शामिल रही। वहीं, स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026 में भी चंडीगढ़ ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए देशभर में सातवां स्थान हासिल किया है। इसके अलावा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के मामले में शहर का प्रदर्शन 93 प्रतिशत से अधिक बताया गया है।

यह आंकड़ा घरों से कचरा उठाने की व्यवस्था के दायरे और नियमितता को दर्शाता है। स्वच्छ सर्वेक्षण में दूसरा स्थान और स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में सातवीं रैंकिंग मिलने से चंडीगढ़ की सफाई और पर्यावरण से जुड़ी व्यवस्थाएं एक बार फिर चर्चा में हैं। अब शहर के सामने इनको बनाए रखने के साथ कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक सफाई में लगातार सुधार करने की चुनौती भी रहेगी।

Publication Name: Loksatya
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Chandigarh
Page No: 7
CCM: 296.66

Contribution of citizens necessary in cleanliness campaign: President

स्वच्छता अभियान में देशवासियों का योगदान जरूरी: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने स्वच्छ सर्वेक्षण के विजेता शहरों को किया सम्मानित

नई दिल्ली, लोकसत्य।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वच्छता को जनभागीदारी से जुड़ा अभियान बताते हुए कहा कि इसके लिए नागरिकों, स्थानीय प्रशासन और सफाई कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

राष्ट्रपति ने बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत देश के स्वच्छ शहरों को सम्मानित किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में नवी मुंबई, सूरत और विजयवाड़ा को सुपर स्वच्छ लीग के शीर्ष तीन शहर घोषित किया गया। वहीं, दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में विशाखापत्तनम, जबलपुर और लखनऊ ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए।

350 से अधिक शहरों ने रैंकिंग सुधारी: आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष 350 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) ने अपनी रैंकिंग में 500 से अधिक पायदान का सुधार किया है। वहीं, 50 हजार से कम आबादी वाले 1,700 से अधिक छोटे शहरों की रैंकिंग में भी पिछले वर्ष के मुकाबले सुधार हुआ है।

कचरा निस्तारण 96 फीसदी से अधिक हो गया: समारोह में



केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद शहरी कचरा प्रसंस्करण की क्षमता 16 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत हो गई है। वहीं, घर-घर कचरा संग्रहण का दायरा 44 प्रतिशत से बढ़कर 96 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष के सर्वेक्षण में 2.70 करोड़ नागरिकों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। स्वच्छ सर्वेक्षण का दायरा 2016 में 73 शहरों से बढ़कर 2025-26 में 4,751 शहरों तक पहुंच गया है।

पिछले सर्वेक्षण में सुपर स्वच्छ लीग में इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे। इसके अलावा राजस्थान में जयपुर और मध्य प्रदेश में ग्वालियर को सबसे स्वच्छ शहर बताया गया है।

उलटफेर भी हुआ, भोपाल अब दौड़ से बाहर: भोपाल ने लगातार सात साल की मेहनत के बाद पिछली स्वच्छता रैंकिंग में देश के दूसरे सबसे स्वच्छ शहर का मुकाम हासिल किया था। लेकिन इस बार शहर को राष्ट्रीय पुरस्कारों की दौड़ में जगह नहीं मिली। इसकी बड़ी वजह आदमपुर छावनी में जमा करीब 5 लाख टन पुराने कचरे का निपटान नहीं होना माना जा रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में प्रकरण चल रहा है।

Publication Name: Loksatya
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Lucknow
Page No: 1
CCM: 262.8

Navi Mumbai's influence in cleanliness, Lucknow also shined

स्वच्छता पर सम्मान | **10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में आगे रहा विशाखापट्टनम**

नवी मुंबई का स्वच्छता में जलवा, लखनऊ भी चमका

- तटीय शहरों में पुरी ने हासिल किया पहला स्थान
- रुद्रपुर सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की प्रमुख श्रेणियों के विजेता

राष्ट्रीय स्वच्छ शहर: नवी मुंबई, सूरत, विजयवाड़ा।
स्वच्छ नदी तटीय शहर: रीवा, बिलासपुर, वाराणसी।
स्वच्छ समुद्री तटीय शहर: पुरी, अलप्पुझा, रत्नागिरी।
स्वच्छ हिमालयी शहर: रुद्रपुर, जम्मू, शोपियां।
मेंटर शहर: अहमदाबाद पहले और इंदौर दूसरे स्थान पर।

नई दिल्ली, लोकसत्य। शहरों को स्वच्छता के स्तर पर दिए जाने वाले अवाड्र्स का ऐलान हो गया है। नवी मुंबई को स्वच्छ शहरलीग की कैटेगरी में पहला स्थान मिला है। इसके बाद दूसरे नंबर पर सूरत और तीसरे पर विजयवाड़ा रहा है।

वहीं दूसरी ओर 10 लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले शहरों में ग्रेटर विशाखापट्टनम ने बाजी मार ली है। इस कैटेगरी में दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश का जबलपुर और तीसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ रही है। तटीय शहरों के इलाकों की कैटेगरी में पहला स्थान ओडिशा के पुरी ने हासिल किया है। जगन्नाथ यात्रा के लिए मशहूर इस शहर ने स्वच्छता के क्षेत्र में भी अपना लोहा मनवाया है।

इसके बाद दूसरा स्थान केरलम के अलपज्जोह और तीसरा स्थान महाराष्ट्र के रत्नागिरी ने हासिल किया है। हिमालय के तलहटी में बसे शहरों की लिस्ट में स्वच्छता के मामले में रुद्रपुर ने बाजी मारी है। वहीं, जम्मू को इस मामले में दूसरा स्थान हासिल हुआ है। इसके अलावा नदी के किनारे वाले शहरों में पहला स्थान मध्य प्रदेश के शहर रीवा ने पहला स्थान हासिल किया है, जबकि बिलासपुर को दूसरा और वाराणसी को तीसरा स्थान हासिल हुआ है।

Publication Name: Loksatya
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Lucknow
Page No: 3
CCM: 484.69

Lucknow's hat-trick in cleanliness, got third place in the country

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 रैंकिंग

स्वच्छता में लखनऊ की हैट्रिक देश में मिला तीसरा स्थान



- विशाखापत्तनम पहले और जबलपुर दूसरे स्थान पर रहे
- राष्ट्रपति ने नगर निगम को दिया सम्मान, 4751 से अधिक शहरों के बीच हुआ मुकाबला

लखनऊ, लोकसत्य। स्वच्छता के मामले में लखनऊ ने एक बार फिर देश के प्रमुख शहरों में अपनी जगह कायम रखी है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की रैंकिंग में राजधानी को देश का तीसरा सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। बुधवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लखनऊ नगर निगम को पुरस्कार प्रदान किया। नगर विकास मंत्री एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने यह सम्मान ग्रहण किया।

लखनऊ ने लगातार तीसरे वर्ष तीसरा स्थान हासिल किया है। इससे पहले 2024 और 2025 में भी शहर इसी पायदान पर रहा था। इस बार विशाखापत्तनम ने पहला और जबलपुर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।स्वच्छता के क्षेत्र में लखनऊ ने पिछले वर्ष उल्लेखनीय सुधार करते हुए 44वें स्थान से सीधे तीसरे स्थान पर छलांग लगाई थी। इस बार भी नगर निगम अपनी रैंकिंग बरकरार रखने में सफल रहा। केंद्र सरकार की ओर से हर वर्ष कराए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में शहरों की सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं का मूल्यांकन किया जाता है। स्वच्छ सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में देश के 4751 से अधिक शहरों को शामिल किया गया। इस बार नागरिकों के फीडबैक और जमीनी स्तर पर स्वच्छता की स्थिति को विशेष महत्व दिया गया। घर-घर कूड़ा उठान, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और शिकायतों के निस्तारण जैसे बिंदुओं की जांच की गई। कुल 10 मुख्य क्षेत्रों और 43 मानकों के आधार पर शहरों की रैंकिंग तय की गई। नगर निगम के अपर नगर आयक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि विशाखापत्तनम पहले, जबलपुर दूसरे और लखनऊ तीसरे स्थान पर रहा।

44वें पायदान से तीसरे स्थान तक का सफर: लखनऊ ने स्वच्छता के क्षेत्र में बीते कुछ वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। पिछले स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर 44वें स्थान पर था, लेकिन बेहतर प्रदर्शन के चलते सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गया। इसके बाद लगातार दो वर्षों तक तीसरा स्थान बरकरार रखा। वर्ष 2024 और 2025 के बाद 2025-26 के सर्वेक्षण में भी लखनऊ ने यही उपलब्धि दोहराई। लगातार तीन वर्षों तक शीर्ष तीन शहरों में जगह बनाए रखना नगर निगम के लिए बड़ी उपलब्धि है। हालांकि, अब शहर के सामने इस स्थान को बरकरार रखने के साथ पहले पायदान तक पहुंचने की चनौती भी है।

टॉप-3 में हमारा लखनऊ



नगरीय परिवर्तन की नई पहचान

लखनऊ, लोकसत्य। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने भारत सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में उत्तर प्रदेश के शहरों की शानदार उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के बदलते नगरीय स्वरूप, बेहतर प्रबंधन और सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल से पश्चिमांचल तक उत्तर प्रदेश के नगर स्वच्छता, सुंदरता और सुव्यवस्थित नगरीय प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी नई पहचान स्थापित कर रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश के शहरों का राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

मंत्री शर्मा ने कहा कि इस वर्ष के स्वच्छता सर्वेक्षण में लखनऊ ने देश के तीन सबसे स्वच्छ बड़े शहरों में अपना स्थान बरकरार रखा है। वहीं, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगरी वाराणसी ने देश के तीन सर्वश्रेष्ठ नदी तटीय नगरों में स्थान प्राप्त कर अपनी विशिष्ट पहचान को और मजबूत किया है। इसके साथ ही गाजियाबाद प्रदेश के सबसे स्वच्छ नगर के रूप में उभरा है। ये उपलब्धियां बताती हैं कि उत्तर प्रदेश के नगर अब स्वच्छता और नगरीय सुविधाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानकों पर लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। मंत्री शर्मा ने इन उपलब्धियों के लिए राष्ट्रपति के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना सभी नगरवासियों के लिए गौरव की बात है।

Publication Name: Loksatya
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Lucknow
Page No: 7
CCM: 296.66

Contribution of citizens necessary in cleanliness campaign: President

स्वच्छता अभियान में देशवासियों का योगदान जरूरी: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने स्वच्छ सर्वेक्षण के विजेता शहरों को किया सम्मानित

नई दिल्ली, लोकसत्य।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वच्छता को जनभागीदारी से जुड़ा अभियान बताते हुए कहा कि इसके लिए नागरिकों, स्थानीय प्रशासन और सफाई कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

राष्ट्रपति ने बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत देश के स्वच्छ शहरों को सम्मानित किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में नवी मुंबई, सूरत और विजयवाड़ा को सुपर स्वच्छ लीग के शीर्ष तीन शहर घोषित किया गया। वहीं, दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में विशाखापत्तनम, जबलपुर और लखनऊ ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए।

350 से अधिक शहरों ने रैंकिंग सुधारी: आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष 350 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) ने अपनी रैंकिंग में 500 से अधिक पायदान का सुधार किया है। वहीं, 50 हजार से कम आबादी वाले 1,700 से अधिक छोटे शहरों की रैंकिंग में भी पिछले वर्ष के मुकाबले सुधार हुआ है।

कचरा निस्तारण 96 फीसदी से अधिक हो गया: समारोह में



केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद शहरी कचरा प्रसंस्करण की क्षमता 16 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत हो गई है। वहीं, घर-घर कचरा संग्रहण का दायरा 44 प्रतिशत से बढ़कर 96 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष के सर्वेक्षण में 2.70 करोड़ नागरिकों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। स्वच्छ सर्वेक्षण का दायरा 2016 में 73 शहरों से बढ़कर 2025-26 में 4,751 शहरों तक पहुंच गया है।

पिछले सर्वेक्षण में सुपर स्वच्छ लीग में इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे। इसके अलावा राजस्थान में जयपुर और मध्य प्रदेश में ग्वालियर को सबसे स्वच्छ शहर बताया गया है।

उलटफेर भी हुआ, भोपाल अब दौड़ से बाहर: भोपाल ने लगातार सात साल की मेहनत के बाद पिछली स्वच्छता रैंकिंग में देश के दूसरे सबसे स्वच्छ शहर का मुकाम हासिल किया था। लेकिन इस बार शहर को राष्ट्रीय पुरस्कारों की दौड़ में जगह नहीं मिली। इसकी बड़ी वजह आदमपुर छावनी में जमा करीब 5 लाख टन पुराने कचरे का निपटान नहीं होना माना जा रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में प्रकरण चल रहा है।

Publication Name: Loksatya
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Meerut
Page No: 5
CCM: 296.66

Contribution of citizens necessary in cleanliness campaign: President

स्वच्छता अभियान में देशवासियों का योगदान जरूरी: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने स्वच्छ सर्वेक्षण के विजेता शहरों को किया सम्मानित

नई दिल्ली, लोकसत्य।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वच्छता को जनभागीदारी से जुड़ा अभियान बताते हुए कहा कि इसके लिए नागरिकों, स्थानीय प्रशासन और सफाई कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

राष्ट्रपति ने बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत देश के स्वच्छ शहरों को सम्मानित किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में नवी मुंबई, सूरत और विजयवाड़ा को सुपर स्वच्छ लीग के शीर्ष तीन शहर घोषित किया गया। वहीं, दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में विशाखापत्तनम, जबलपुर और लखनऊ ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए।

350 से अधिक शहरों ने रैंकिंग सुधारी: आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष 350 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) ने अपनी रैंकिंग में 500 से अधिक पायदान का सुधार किया है। वहीं, 50 हजार से कम आबादी वाले 1,700 से अधिक छोटे शहरों की रैंकिंग में भी पिछले वर्ष के मुकाबले सुधार हुआ है।

कचरा निस्तारण 96 फीसदी से अधिक हो गया: समारोह में



केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद शहरी कचरा प्रसंस्करण की क्षमता 16 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत हो गई है। वहीं, घर-घर कचरा संग्रहण का दायरा 44 प्रतिशत से बढ़कर 96 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष के सर्वेक्षण में 2.70 करोड़ नागरिकों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। स्वच्छ सर्वेक्षण का दायरा 2016 में 73 शहरों से बढ़कर 2025-26 में 4,751 शहरों तक पहुंच गया है।

पिछले सर्वेक्षण में सुपर स्वच्छ लीग में इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे। इसके अलावा राजस्थान में जयपुर और मध्य प्रदेश में ग्वालियर को सबसे स्वच्छ शहर बताया गया है।

उलटफेर भी हुआ, भोपाल अब दौड़ से बाहर: भोपाल ने लगातार सात साल की मेहनत के बाद पिछली स्वच्छता रैंकिंग में देश के दूसरे सबसे स्वच्छ शहर का मुकाम हासिल किया था। लेकिन इस बार शहर को राष्ट्रीय पुरस्कारों की दौड़ में जगह नहीं मिली। इसकी बड़ी वजह आदमपुर छावनी में जमा करीब 5 लाख टन पुराने कचरे का निपटान नहीं होना माना जा रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में प्रकरण चल रहा है।

Publication Name: Aaj Ki Jandhara
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 1
CCM: 1000.94

Chhattisgarh's glory on the platform of cleanliness; Bilha is the cleanest city in the country

स्वच्छता के मंच पर छत्तीसगढ़ का जलवा

बिल्हा देश का सबसे स्वच्छ शहर

स्वच्छता सर्वेक्षण-2025, सुपर स्वच्छ लीग में नवी मुंबई नंबर वन

रायपुर। स्वच्छता और बेहतर नगरीय प्रबंधन की दिशा में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों नगर पालिक निगम रायपुर, नगर पालिक निगम बिलासपुर और नगर पंचायत बिल्हा को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विशेष रूप से बिलासपुर जिले की नगर पंचायत बिल्हा ने देश में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। वहीं, 'स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन' श्रेणी में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। रायपुर नगर पालिक निगम को स्वच्छता में राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा तथा संबंधित नगरीय निकाय के महापौरों एवं आयुक्तों ने राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण किया। इस उपलब्धि से राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के स्वच्छता संबंधी प्रयासों को नई पहचान मिली है।

कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रदेशवासियों, संबंधित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री साय ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ को मिले राष्ट्रीय सम्मान हमारे शहरों की बदलती तस्वीर और स्वच्छता के प्रति प्रदेशवासियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। बिल्हा जैसे छोटे नगर का देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना, बिलासपुर का स्वच्छ नदी तटवर्तीय श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल करना और रायपुर का राज्य में अग्रणी स्थान पर रहना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल स्वच्छता की रैंकिंग में आगे बढ़ना नहीं, बल्कि ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें स्वच्छता हर नागरिक की आदत और हर शहर की पहचान बने। जनभागीदारी, आधुनिक नगरीय सुविधाओं और प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से हम स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को सम्मानित किया जाना प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वच्छता कर्मियों और नागरिकों के सामूहिक शेष पृष्ठ 10 पर



सूरत दूसरे नंबर पर, राजस्थान में जयपुर, एमपी में ग्वालियर सबसे साफ

राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू ने बुधवार को स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के पुरस्कार दिए। इस बार सुपर स्वच्छ लीग में नवी मुंबई पहले, सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा है। पिछले सर्वेक्षण में सुपर स्वच्छ लीग में इंदौर पहले, सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे। इसके अलावा राजस्थान में जयपुर और मध्य प्रदेश में ग्वालियर को सबसे स्वच्छ शहर बताया गया है। अहमदाबाद को मेंटर सिटी कैटेगरी में पहला, इंदौर को दूसरा और तिरुपति को तीसरा स्थान मिला। स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत इनके साथ क्रमशः साणंद, देपालपुर और कुप्पम को मेटी सिटी बनाया गया था।

Related News:

Publication Name:	Publication Date:	Edition:
Aaj Ki Jandhara	12/11/2026	Raipur
Page No:	**CCM:**	
10	77.8	

Bilha is the country's best...

प्रथम पेज का शेष

बिल्हा देश का सबस...

प्रयासों का परिणाम है। नगर पंचायत बिल्हा का 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना विशेष उपलब्धि है। यह सम्मान दर्शाता है कि सीमित संसाधनों वाले छोटे नगरीय निकाय भी बेहतर प्रबंधन, स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता और जनसहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों का राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन राज्य में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और नगरीय सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करता है। स्वच्छ सर्वेक्षण के माध्यम से शहरों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, नागरिक सहभागिता तथा नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित किया जाता है।

समारोह में छत्तीसगढ़ से नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, नगर पालिक निगम बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी तथा नगर पंचायत बिल्हा की अध्यक्ष श्रीमती वंदना जेंड्रे, राज्य शहरी विकास अभिकरण के मिशन डायरेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, आयुक्त नगर

Publication Name: Aapla Mahanagar
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Mumbai
Page No: 1
CCM: 280.88

There is no city as clean as Navi Mumbai in all of India! Navi Mumbai shines again among the cleanest cities in the country; Maharashtra gets the highest 5 awards for cleanliness

नवी मुंबई इतके स्वच्छ शहर संपूर्ण भारतात नाही !

देशभरातील स्वच्छ शहरांत पुन्हा एकदा नवी मुंबईचा डंका; महाराष्ट्राला स्वच्छतेचे सर्वाधिक ५ पुरस्कार

ज्ञानेश्वर जाधव । आपलं महानगर वृत्तसेवा

ठाणे/नवी मुंबई । देशातील स्वच्छ शहरांच्या यादीत नवी मुंबईने पुन्हा एकदा अव्वल क्रमांक पटकाविला आहे. केवळ नवी मुंबईच नव्हे तर संपूर्ण महाराष्ट्राने स्वच्छतेबाबत उत्तम कामगिरी केली असून सर्वाधिक ५ पुरस्कार पटकाविण्याची किमया साधली आहे. केंद्र सरकारकडून देशभरातील शहरांचे स्वच्छ सर्वेक्षण यशस्वीरित्या पूर्ण झाले असून बुधवारी ११ नोव्हेंबर रोजी विजेत्या शहरांची यादी घोषित करण्यात आली. केंद्रीय गृहनिर्माण आणि शहरी व्यवहार मंत्रालयाच्या शहरी विकास विभागाच्या मार्गदर्शनाखाली आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार २०२५-२६ अंतर्गत देशातील सर्वाधिक स्वच्छ शहरांचा गौरव बुधवारी राजधानी दिल्लीत करण्यात आला. राष्ट्रपती द्रौपदी मुर्मू यांच्या हस्ते यावेळी विजेत्या शहरांना सन्मानित करण्यात आले. पान २





Related News:

Publication Name: Aapla Mahanagar
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Mumbai
Page No: 2
CCM: 194.13

There is no city as clean as Navi Mumbai in all of India!

नवी मुंबई इतके स्वच्छ शहर संपूर्ण भारतात नाही!

यंदाच्या १० व्या वर्षीच्या पुरस्कारात देशभरातील शहरांमधून नवी मुंबई शहराने प्रथम क्रमांकाच्या स्वच्छ शहर पुरस्काराचा मान मिळविला आहे. नवी मुंबईच्या महापौर सुजाता पाटील यांनी हा पुरस्कार स्वीकारला. त्यावेळी त्यांच्या समवेत उपमहापौर दशरथ भगत, नवी मुंबई महानगरपालिकेचे आयुक्त डॉ.कैलास शिंदे आणि शहर अभियंता शिरीष आरदवाड उपस्थित होते. विशेष कौतुकाची बाब म्हणजे नवी मुंबई शहराने सलग १० वर्ष स्वच्छतेच्या स्पर्धेत विविध गटातून पुरस्कार मिळवले आहेत. केंद्रीय गृहनिर्माण आणि शहरी व्यवहारमंत्री मनोहरलाल खट्टर, तसेच गृहनिर्माण आणि शहरी व्यवहार राज्यमंत्री तोखन साहू आणि मान्यवर या कार्यक्रमाला उपस्थित होते. यंदा केवळ स्वच्छ शहरांनाच नव्हे तर स्वच्छ शहर जोडी उपक्रमात उल्लेखनीय कामगिरी करणाऱ्या शहरांनाही पुरस्काराने गौरवण्यात आले आहे. महाराष्ट्रातून स्वच्छ शहराचा मान हा सांगली जिल्हयातील विटा तर कोल्हापूर जिल्हयातील पाचगणी या शहरांनी मिळवला आहे. त्याचबरोबर स्वच्छ किनार पट्टीचे शहर म्हणून रत्नागिरीला गौरविण्यात आले आहे. राज्यातील पहिले स्वच्छ शहर पुरस्कार म्हणून पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिकेने बहुमान मिळवला आहे.

स्वच्छ शहर जोडी
१) गुजरात : अहमदाबाद व सानद
२) मध्य प्रदेश : इंदोर व डेपलापूर
३) आंध्र प्रदेश : तिरुपती व कुप्पम

स्वच्छ शहर लीग
१) महाराष्ट्र : नवी मुंबई
२) गुजरात :सुरत
३) आंध्रप्रदेश : विजयवाडा

स्वच्छ शहर (१० लाख पेक्षा अधिक लोकसंख्या)
१) आंध्र प्रदेश : विशाखापट्टणम
२) मध्यप्रदेश : जबलपूर
३) उत्तर प्रदेश : लखनौ

स्वच्छ शहर (३ ते १० लाख लोकसंख्या)
१) मध्यप्रदेश : उज्जैन
२) चंदीगड
३) आंध्रप्रदेश : गुंठूर

स्वच्छ शहर (५० हजार ते ३ लाख लोकसंख्या)
१) मध्यप्रदेश : देवास
२) नवी दिल्ली महानगरपालिका
३) मध्यप्रदेश : सागर

स्वच्छ शहर (२० ते ५० लाख लोकसंख्या)
१) महाराष्ट्र : विटा (सांगली)
२) ओडीसा : आस्का
३) गोवा : पणजी

स्वच्छ शहर (२० हजार पेक्षा कमी लोकसंख्या)
१) छत्तीस गड :बिल्हा
२) महाराष्ट्र : पाचगणी
३) मध्यप्रदेश : बुधनी

Publication Name: Amrit Vichar
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Lucknow
Page No: 3
CCM: 257.84

The city is yours, cooperate in cleanliness

शहर अपना है, स्वच्छता में करें सहयोग



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बुधवार को ही लखनऊ को देश में तीसरा स्थान मिला है, पिछली बार भी तीसरा स्थान ही मिला था। शहर को पहले स्थान पर पहुंचाने के लिए प्रशासन की नीतियों के साथ जनसहयोग भी बहुत आवश्यक है। अगर हम इसी तरह गोमती नदी के पुलों पर पूजा सामग्री फेंकते-फैलाते रहेंगे तो देश में सबसे स्वच्छ और सुंदर लखनऊ का सपना साकार कैसे कर पाएंगे। पूजा सामग्री और मूर्तियों का नियत स्थानों पर ही भू-विसर्जन करने और घरों व दुकानों का कचरा सुबह आने वाली कचरा गाड़ियों को ही दें तो निश्चित ही अगले वर्ष हमारा शहर स्वच्छता में देश में पहले नंबर पर होगा। ● अमृत विचार

Publication Name: Arth Prakash
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Chandigarh
Page No: 1
CCM: 473.36

Chandigarh's glory in cleanliness

स्वच्छता में चंडीगढ़ का जलवा

- 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों में देशभर में दूसरा स्थान
- नदी तटीय शहरों में रीवा और हिमालयी श्रेणी में रुद्रपुर अव्वल
- नवी मुंबई बना देश का सबसे स्वच्छ शहर, सूरत दूसरे स्थान पर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

चंडीगढ़। सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ ने एक बार फिर स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी पहचान मजबूत की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में चंडीगढ़ ने 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। केंद्र सरकार की ओर से आयोजित देशव्यापी स्वच्छता मूल्यांकन में मिली इस उपलब्धि से नगर निगम प्रशासन, सफाई कर्मचारियों और शहरवासियों में खुशी का माहौल है। वहीं, राष्ट्रीय स्वच्छ शहरों की श्रेणी में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने पहला, गुजरात के सूरत ने दूसरा और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। ये पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत शहरों में सफाई और स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिए गए। यह सर्वेक्षण का दसवां संस्करण है। इस बार शहरों की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नदी किनारे बसे शहरों, समुद्री तटीय क्षेत्रों और पहाड़ी इलाकों की स्वच्छता का अलग-अलग मूल्यांकन किया गया।

चंडीगढ़ की इस उपलब्धि को शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, नियमित कचरा संग्रहण और सफाई व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है।

इस बार सर्वेक्षण की प्रक्रिया को अधिक व्यापक बनाने के लिए देशभर में 3,000 से अधिक प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्ताओं ने शहरों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निकायों की ओर से उपलब्ध करवाई गई स्वच्छता सुविधाओं, कचरा प्रबंधन व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों की स्थिति का आकलन किया। स्वच्छ सर्वेक्षण में चंडीगढ़ का दूसरा स्थान हासिल करना शहर के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

Publication Name: Arth Prakash
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Chandigarh
Page No: 3
CCM: 44.44

Cleanliness awards received by Karnal at a glance

करनाल को मिल चुके स्वच्छता पुरस्कार एक दृष्टि में : स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में राष्ट्रीय स्तर पर 65वां रैंक तथा उत्तर भारत में प्रथम स्थान वर्ष 2018 में राष्ट्रीय स्तर पर 41वां रैंक तथा उत्तर भारत का प्रथम स्वच्छ शहर – वर्ष 2019 में राष्ट्रीय स्तर पर 24वां स्थान तथा स्कॉच अवॉर्ड में हरियाणा में प्रथम वर्ष 2020 में राष्ट्रीय स्तर पर 17वां रैंक तथा गारबेज फ्री सिटी में हरियाणा में प्रथम वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्तर पर 86वां रैंक तथा प्रेरक दौर सम्मान में गोल्ड अनुपम रैंकिंग। वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर 85वां रैंक तथा हरियाणा राज्य में तृतीय स्थान वर्ष 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर 115वां रैंक तथा हरियाणा राज्य में द्वितीय स्थान वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 3 रैंक, राष्ट्रपति अवॉर्ड तथा हरियाणा राज्य में प्रथम स्थान स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में भारत के स्वच्छ शहरों में शामिल होने पर पुन: प्रैसिडेंशियल अवॉर्ड।

Publication Name: Arth Prakash
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Haryana
Page No: 3
CCM: 44.44

Cleanliness awards received by Karnal at a glance

करनाल को मिल चुके स्वच्छता पुरस्कार एक दृष्टि में : स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में राष्ट्रीय स्तर पर 65वां रैंक तथा उत्तर भारत में प्रथम स्थान वर्ष 2018 में राष्ट्रीय स्तर पर 41वां रैंक तथा उत्तर भारत का प्रथम स्वच्छ शहर – वर्ष 2019 में राष्ट्रीय स्तर पर 24वां स्थान तथा स्कॉच अवॉर्ड में हरियाणा में प्रथम वर्ष 2020 में राष्ट्रीय स्तर पर 17वां रैंक तथा गारबेज फ्री सिटी में हरियाणा में प्रथम वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्तर पर 86वां रैंक तथा प्रेरक दौर सम्मान में गोल्ड अनुपम रैंकिंग। वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर 85वां रैंक तथा हरियाणा राज्य में तृतीय स्थान वर्ष 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर 115वां रैंक तथा हरियाणा राज्य में द्वितीय स्थान वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 3 रैंक, राष्ट्रपति अवॉर्ड तथा हरियाणा राज्य में प्रथम स्थान स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में भारत के स्वच्छ शहरों में शामिल होने पर पुन: प्रैसिडेंशियल अवॉर्ड।

Publication Name: Arth Prakash
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Himachal
Page No: 1
CCM: 505.61

Chandigarh in second place in cleanliness, Rudrapur cleanest among Himalayan cities; Rewa first among riverbank cities and Rudrapur first in Himalayan range, Navi Mumbai became the country's cleanest city

स्वच्छता में चंडीगढ़ दूसरे स्थान पर, हिमालयी शहरों में रुद्रपुर सबसे साफ

नदी तटीय शहरों में रीवा और हिमालयी श्रेणी में रुद्रपुर अव्वल, नवी मुंबई बना देश का सबसे स्वच्छ शहर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

चंडीगढ़। सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ ने एक बार फिर स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी पहचान मजबूत की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में चंडीगढ़ ने 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। केंद्र सरकार की ओर से आयोजित देशव्यापी स्वच्छता मूल्यांकन में मिली इस उपलब्धि से नगर निगम प्रशासन, सफाई कर्मचारियों और शहरवासियों में खुशी का माहौल है। वहीं, राष्ट्रीय स्वच्छ शहरों की श्रेणी में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने पहला, गुजरात के सूरत ने दूसरा और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

वहीं हिमालयी शहरों की श्रेणी में उत्तराखंड के रुद्रपुर ने पहला स्थान हासिल किया। जम्मू दूसरे और जम्मू-कश्मीर का शोपियां तीसरे स्थान पर रहा। इस श्रेणी में पहाड़ी क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता व्यवस्था का आकलन किया गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। ये पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत शहरों में सफाई और स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिए गए। यह सर्वेक्षण का दसवां संस्करण है। इस बार शहरों की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नदी किनारे बसे शहरों, समुद्री तटीय क्षेत्रों और पहाड़ी इलाकों की स्वच्छता का अलग-अलग मूल्यांकन किया गया।

चंडीगढ़ की इस उपलब्धि को शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, नियमित कचरा संग्रहण और सफाई व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है।

इस बार सर्वेक्षण की प्रक्रिया को अधिक व्यापक बनाने के लिए देशभर में 3,000 से अधिक प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्ताओं ने शहरों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया।



Publication Name: Arth Prakash
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Punjab
Page No: 1
CCM: 473.36

Chandigarh's glory in cleanliness

स्वच्छता में चंडीगढ़ का जलवा

- 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों में देशभर में दूसरा स्थान
- नदी तटीय शहरों में रीवा और हिमालयी श्रेणी में रुद्रपुर अव्वल
- नवी मुंबई बना देश का सबसे स्वच्छ शहर, सूरत दूसरे स्थान पर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

चंडीगढ़। सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ ने एक बार फिर स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी पहचान मजबूत की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में चंडीगढ़ ने 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। केंद्र सरकार की ओर से आयोजित देशव्यापी स्वच्छता मूल्यांकन में मिली इस उपलब्धि से नगर निगम प्रशासन, सफाई कर्मचारियों और शहरवासियों में खुशी का माहौल है। वहीं, राष्ट्रीय स्वच्छ शहरों की श्रेणी में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने पहला, गुजरात के सूरत ने दूसरा और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। ये पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत शहरों में सफाई और स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिए गए। यह सर्वेक्षण का दसवां संस्करण है। इस बार शहरों की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नदी किनारे बसे शहरों, समुद्री तटीय क्षेत्रों और पहाड़ी इलाकों की स्वच्छता का अलग-अलग मूल्यांकन किया गया।

चंडीगढ़ की इस उपलब्धि को शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, नियमित कचरा संग्रहण और सफाई व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है।

इस बार सर्वेक्षण की प्रक्रिया को अधिक व्यापक बनाने के लिए देशभर में 3,000 से अधिक प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्ताओं ने शहरों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निकायों की ओर से उपलब्ध करवाई गई स्वच्छता सुविधाओं, कचरा प्रबंधन व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों की स्थिति का आकलन किया। स्वच्छ सर्वेक्षण में चंडीगढ़ का दूसरा स्थान हासिल करना शहर के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

Publication Name: Arth Prakash
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Punjab
Page No: 3
CCM: 44.44

Cleanliness awards received by Karnal at a glance

करनाल को मिल चुके स्वच्छता पुरस्कार एक दृष्टि में : स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में राष्ट्रीय स्तर पर 65वां रैंक तथा उत्तर भारत में प्रथम स्थान वर्ष 2018 में राष्ट्रीय स्तर पर 41वां रैंक तथा उत्तर भारत का प्रथम स्वच्छ शहर – वर्ष 2019 में राष्ट्रीय स्तर पर 24वां स्थान तथा स्कॉच अवॉर्ड में हरियाणा में प्रथम वर्ष 2020 में राष्ट्रीय स्तर पर 17वां रैंक तथा गारबेज फ्री सिटी में हरियाणा में प्रथम वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्तर पर 86वां रैंक तथा प्रेरक दौर सम्मान में गोल्ड अनुपम रैंकिंग। वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर 85वां रैंक तथा हरियाणा राज्य में तृतीय स्थान वर्ष 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर 115वां रैंक तथा हरियाणा राज्य में द्वितीय स्थान वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 3 रैंक, राष्ट्रपति अवॉर्ड तथा हरियाणा राज्य में प्रथम स्थान स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में भारत के स्वच्छ शहरों में शामिल होने पर पुन: प्रैसिडेंशियल अवॉर्ड।

Publication Name: Avadhnama
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Lucknow
Page No: 16
CCM: 94.92

Lucknow again in third place in the country in cleanliness ranking

स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ फिर देश में तीसरे स्थान पर



अवधनामा संवाददाता

■ राष्ट्रपति ने महापौर को दिया पुरस्कार

लखनऊ। स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता 2025-26 में एक बार फिर नगर निगम ने देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बुधवार शाम को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में सफाई में बेहतर कार्य करने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल को पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर नगर आयुक्त गौरव कुमार और अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव भी साथ रहे।

देश का कौन सा शहर सफाई में किस पायदान है उसको लेकर केंद्र सरकार की ओर से हर साल स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। जिसमें बीते साल अपना शहर 44 वें पायदान से छलांग लगाकर तीसरे पायदान पर पहुंच था। इस बार फिर शहर ने अपनी रैंकिंग बरकार रखी और देश भर में फिर तीसरा स्थान पाया है। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि पहले स्थान पर विशाखापट्नम और दूसरे पर जबलपुर है।

Publication Name: Bihan Bharat
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Ranchi
Page No: 1
CCM: 300.71

President honored Jamshedpur at the national level, once again hoisted the flag in cleanliness

राष्ट्रपति ने जमशेदपुर को किया राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित, स्वच्छता में फिर लहराया परचम

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला सम्मान, देश के 4,751 नगरीय निकायों के बीच 63 चयनित शहरों में जमशेदपुर ने बनाई जगह

शिमा संवाददाता

रांची/ जमशेदपुर। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, प्रभावी नगर प्रबंधन और नागरिक सहभागिता के दम पर जमशेदपुर ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का मान बढ़ाया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शानदार प्रदर्शन के लिए जमशेदपुर को राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में देशभर के 4,751 नगरीय निकायों ने हिस्सा लिया था। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 63 शहरों को राष्ट्रीय सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित किया गया। इस प्रतिष्ठित समारोह में जमशेदपुर को सम्मान मिलना शहर की स्वच्छता व्यवस्था और निरंतर प्रयासों की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

सम्मान समारोह में झारखंड की ओर से नगर विकास एवं आवास



विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, रवऊअ के निदेशक सूरज कुमार, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (खठअउ) के नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद तथा टाटा स्टील यूआईएसएल के जनरल मैनेजर (टाउन ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) रविंद्र कुमार सिंह ने प्रतिनिधित्व किया।

जमशेदपुर की इस उपलब्धि के पीछे स्वच्छता के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता, आधुनिक तकनीक, प्रभावी निगरानी व्यवस्था और शहरवासियों की सक्रिय भागीदारी की अहम भूमिका रही है। शहर में घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरे का पृथक्करण, आधुनिक अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) और जैविक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जा रहा है।

इसके अलावा आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल) केंद्रों की स्थापना तथा विभिन्न जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इन प्रयासों से शहर की सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी और टिकाऊ बनाने में मदद मिली है।

जमशेदपुर को मिला यह सम्मान केवल एक सर्वेक्षण में मिली सफलता नहीं, बल्कि स्वच्छ, सुंदर और सतत शहर के निर्माण की दिशा में किए जा रहे सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस उपलब्धि में सफाई कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न संस्थानों और जागरूक नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जमशेदपुर की यह सफलता स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रबंधन और जनभागीदारी की मिसाल पेश करती है।

Publication Name: Bihan Bharat
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Ranchi
Page No: 12
CCM: 298.55

President honored Jamshedpur at the national level, once again hoisted the flag in cleanliness

राष्ट्रपति ने जमशेदपुर को किया राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित, स्वच्छता में फिर लहराया परचम

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला सम्मान, देश के 4,751 नगरीय निकायों के बीच 63 चयनित शहरों में जमशेदपुर ने बनाई जगह

बिमा संवाददाता

रांची/ जमशेदपुर। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, प्रभावी नगर प्रबंधन और नागरिक सहभागिता के दम पर जमशेदपुर ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का मान बढ़ाया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शानदार प्रदर्शन के लिए जमशेदपुर को राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में देशभर के 4,751 नगरीय निकायों ने हिस्सा लिया था। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 63 शहरों को राष्ट्रीय सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित किया गया। इस प्रतिष्ठित समारोह में जमशेदपुर को सम्मान मिलना शहर की स्वच्छता व्यवस्था और निरंतर प्रयासों की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

सम्मान समारोह में झारखंड की ओर से नगर विकास एवं आवास



विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, रवउअ के निदेशक सूरज कुमार, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (खठअउ) के नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद तथा टाटा स्टील यूआईएसएल के जनरल मैनेजर (टाउन ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) रविंद्र कुमार सिंह ने प्रतिनिधित्व किया।

जमशेदपुर की इस उपलब्धि के पीछे स्वच्छता के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता, आधुनिक तकनीक, प्रभावी निगरानी व्यवस्था और शहरवासियों की सक्रिय भागीदारी की अहम भूमिका रही है। शहर में घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरे का पृथक्करण, आधुनिक अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) और जैविक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जा रहा है।

इसके अलावा आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल) केंद्रों की स्थापना तथा विभिन्न जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इन प्रयासों से शहर की सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी और टिकाऊ बनाने में मदद मिली है।

जमशेदपुर को मिला यह सम्मान केवल एक सर्वेक्षण में मिली सफलता नहीं, बल्कि स्वच्छ, सुंदर और सतत शहर के निर्माण की दिशा में किए जा रहे सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस उपलब्धि में सफाई कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न संस्थानों और जागरूक नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जमशेदपुर की यह सफलता स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रबंधन और जनभागीदारी की मिसाल पेश करती है।

Publication Name: Central Chronicle
Publication Date: 12/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 3
CCM: 457.32

Ch'garh bags 3 national cleanliness awards

Bilha receives first position, Raipur, Bilaspur also awarded

Central Chronicle News

RAIPUR: Chhattisgarh yet again made its mark on the national stage with its exemplary performance in the Swachh Survekshan 2025, India's flagship cleanliness survey. President Droupadi Murmu today presented national awards to three cities from Chhattisgarh for their exemplary achievements in urban sanitation and cleanliness at a prestigious award ceremony held at Vigyan Bhavan in New Delhi.

